

मुंबई में भारत के पहले महिला स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब 'माउली' का उद्घाटन

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम की बड़ी कार्रवाई, 11 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद, दो यात्री गिरफ्तार

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 239 | रायपुर | रविवार 24 अगस्त 2025 | विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रु. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

## अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास पर सीबीआई का छापा

**मुंबई,।एजेंसी।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अनिल अंबानी की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई स्थित अनिल के आवास पर छापेमार कार्रवाई की है। कुछ ही दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अनिल अंबानी के ठिकानों पर छापेमारी की थी।



ये कार्रवाई करोड़ों रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में बताई जा रही है। अभी छापेमारी की आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि ये मामला कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये के लोन घोटाले से जुड़ा है। 13 जून, 2025 को भारतीय स्टेट बैंक ने इस खाते को फर्जी घोषित कर दिया था। एसबीआई ने इसकी सूचना भारतीय रिजर्व बैंक को भी दी थी। इसके बाद सीबीआई में शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई और आज अनिल के आवास पर छापेमारी हुई है।

### चांद पर इंसान भेजने से पहले चंद्रयान-8 तक की तैयारी

# इसरो लॉन्च करेगा 100 से ज्यादा सैटेलाइट

**एजेंसी। अहमदाबाद।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने भविष्य के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं का खुलासा करते हुए एक बड़ा ऐलान किया है। इसरो अगले 15 सालों में यानी 2040 तक 100 से भी ज्यादा सैटेलाइट्स लॉन्च करने की तैयारी में है। ये उपग्रह पृथ्वी की निगरानी, संचार और नेविगेशन जैसी भारत की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करेंगे और देश की तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

यह घोषणा इसरो के अहमदाबाद स्थित केंद्र के निदेशक नीलेश देसाई ने की। उन्होंने इसरो के 'विजन 2047' का रोडमैप पेश करते हुए बताया कि अंतरिक्ष में आत्मनिर्भरता के लिए अब स्वदेशी तकनीक के इस्तेमाल पर और तेजी से जोर दिया जाएगा।

### हर साल 7 से 8 मिशन का लक्ष्य

इसरो के प्रमुख वी. नारायणन के अनुसार, अंतरिक्ष एजेंसी अपनी लॉन्चिंग की रफ्तार बढ़ाने पर काम कर रही है। 100 से अधिक मिशन का लक्ष्य पूरा करने के लिए हर साल औसतन 7 से 8 मिशन लॉन्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव आ रहा है और ये मिशन देश को धीरे-धीरे बड़ा रणनीतिक और आर्थिक फायदा पहुंचाएंगे।





वर्तमान में देश में 350 से ज्यादा निजी अंतरिक्ष कंपनियां भी इस क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

### चांद पर इंसान भेजने का रोडमैप तैयार

इसरो ने 2040 तक चंद्रमा पर इंसान भेजने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। इस ऐतिहासिक मानव मिशन से पहले, इसरो चंद्रयान-8 तक की एक पूरी श्रृंखला को अंजाम देगा। इस क्रम में, चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 मिशनों को 2027-28 तक लॉन्च करने की उम्मीद है, जिनका मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से नमूने (सैंपल) एकत्र कर पृथ्वी पर वापस लाना होगा। विशेष रूप से, चंद्रयान-5 मिशन जापान की अंतरिक्ष एजेंसी JAXA के साथ एक सहयोगी प्रयास होगा। इन शुरुआती मिशनों के बाद, चंद्रयान-6, 7 और 8 को लॉन्च किया जाएगा, जो मानव मिशन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीकों का परीक्षण करने और चांद की सतह की विस्तृत जानकारी जुटाने पर केंद्रित होंगे, ताकि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके। योजना के अनुसार, लॉन्च होने वाले 100 से अधिक सैटेलाइट्स में से लगभग 80 उपग्रह पृथ्वी की निगरानी, विशेषकर जमीन से जुड़े प्रयोगों के लिए होंगे। बाकी सैटेलाइट समुद्र और वायुमंडल के अध्ययन में मदद करेंगे। इसके अलावा, इसरो 16 ऐसे मिशन भी लॉन्च करेगा जो उसकी उन्नत होती टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करेंगे।

## नेशनल स्पेस डे पर पीएम मोदी ने कहा, भारत जल्द ही गगनयान मिशन लॉन्च करेगा

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से मानवता के भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाले रहस्यों को उजागर करने के लिए एक गहन अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करने को कहा. इससे पहले उन्होंने स्पेस से जुड़े सभी युवाओं और वैज्ञानिकों को नेशनल स्पेस डे की शुभकामनाएं दी.

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक वीडियो संबोधन में पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत भविष्य के मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह बनाने की तैयारी कर रहा है और उन्होंने युवाओं से इस समूह का हिस्सा बनने का आग्रह किया. पीएम मोदी ने कहा, हम चंद्रमा और मंगल तक पहुंच गए हैं. अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हैं.

प्रधानमंत्री ने देश भर से आए अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, छात्रों और नीति निर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा, आकाशगंगाओं से परे हमारा क्षितिज है, अनंत ब्रह्मांड हमें बताता है कि कोई भी सीमा अंतिम नहीं है और अंतरिक्ष क्षेत्र में भी नीति के स्तर पर कोई अंतिम सीमा नहीं होनी चाहिए।

## ईडी ने अवैध सट्टेबाजी मामले में कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को गिरफ्तार किया



रेड में मिले नोटों के ढेर

### 12 करोड़ कैश, करोड़ों की ज्वैलरी जब्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन गेमिंग विधेयक के संसद में पास होते ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 22 और 23 अगस्त को देशभर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध सट्टेबाजी और ऑनलाइन गेमिंग के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। यह मामला कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले से कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र और उनके करीबियों से जुड़ा हुआ है। ईडी ने इस मामले में विधायक वीरेंद्र को सिक्किम की राजधानी गंगटोक से गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, ईडी की टीमों ने गंगटोक, चित्रदुर्ग, बेंगलुरु, हुबली, जोधपुर, मुंबई और गोवा में कुल 31 जगहों पर एकसाथ छापेमारी की। गोवा में भी ईडी ने पपीज कैसिनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसिनो, पपीज कैसिनो प्राइड, ओशन 7 कैसिनो और बिग डैडी कैसिनो पर छापा मारकर तलाशी ली। जांच में सामने आया है कि विधायक वीरेंद्र किंग 567 और राजा 567 जैसे कई ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइटों का संचालन कर मोटा पैसा कमा रहे थे। ईडी ने छापेमारी के दौरान करीब 12 करोड़ रुपये की नकदी, 1 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा, लगभग 6 करोड़ रुपये मूल्य का सोना, 10 किलो चांदी और चार लग्जरी गाड़ियां बरामद की है। इसके अलावा 17 बैंक खाते और 2 लॉकर भी फ्रीज किए हैं। ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और सबूत भी मिले हैं, जिनसे यह साफ हुआ है कि अवैध कमाई को अलग-अलग तरीकों से सफेद दिखाने की कोशिश की जा रही थी।

## डाक विभाग का निर्णय: 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले पार्सल की आवाजाही बंद कर सकता है

**नई दिल्ली.** अमेरिका की ओर से टैरिफ शुल्क से जुड़े नियमों में बदलाव के बाद भारतीय डाक विभाग से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. सूत्रों के अनुसार, 29 अगस्त से विभाग अमेरिका जाने वाले पार्सल की आवाजाही बंद कर सकता है. डाक विभाग ने घोषणा की है कि वह 25 अगस्त से अमेरिका के लिए अधिकांश डाक खेपों को अस्थायी रूप से स्वीकार करना बंद कर देगा. ऐसा इस महीने के अंत में लागू होने वाले अमेरिकी शुल्क नियमों में बदलावों के बाद होगा. अमेरिका ने 30 जुलाई को एक आदेश जारी कर 800 अमेरिकी डॉलर तक के मूल्य वाले सामानों के लिए शुल्क-मुक्त छूट वापस ले ली. 29 अगस्त से,





अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी डाक सामान, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) टैरिफ ढांचे के तहत सीमा शुल्क आकर्षित करेंगे. केवल 100 अमेरिकी डॉलर तक की उपहार वस्तुएं ही शुल्क मुक्त रहेंगी. आदेश के अनुसार, केवल अंतरराष्ट्रीय वाहक और अमेरिकी सीमा शुल्क की ओर से अनुमोदित अन्य योग्य पक्ष ही डाक शिपमेंट पर शुल्क वसूल और भुगतान कर सकते हैं।

## गडकरी की जबलपुर को बड़ी सौगात, 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**जबलपुर एजेंसी।**

बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से जबलपुर की प्रगति को नई गति देते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को मध्य प्रदेश के महानद्दा, जबलपुर में 4,250 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश वाली और 174 किमी लंबाई की 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्य के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह, मंत्री संपतिया उइके, सांसद विष्णु दत्त शर्मा, जबलपुर के सांसद आशीष दुबे, रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा, सांसद सुमित्रा बाल्मीक, जबलपुर के महापौर तथा सांसद-विधायक, अधिकारी और गणमान्य उपस्थित रहे।



लोकार्पित हुई परियोजनाओं में सीआरआईएफ के अंतर्गत जबलपुर शहर में दमोह नाका से मेडिकल रोड तक 7 किमी लंबा एलिवेटेड फ्लाईओवर, हिरन-सिंदूर खंड में नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य भाग का 4-लेन चौड़ीकरण और कटनी बाईपास का चौड़ीकरण शामिल है। इसके साथ ही अन्य 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है।

इन परियोजनाओं से प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी होगी, जिससे निवेश में वृद्धि होगी, क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बल मिलेगा और रोजगार सृजन के नए अवसर निर्माण होंगे। जबलपुर फ्लाईओवर से शहर में ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी, जिससे समय एवं ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण में कमी आएगी। जबलपुर रिंग रोड के पूर्ण होने से शहर में भारी वाहनों के दबाव में कमी आएगी एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। रीवा एवं कटनी बाईपास के चौड़ीकरण से वाराणसी से नागपुर के संपूर्ण खंड पर 4-लेन कनेक्टिविटी होगी। नौरादेही वन क्षेत्रों में न्यूनतम हस्तक्षेप आधारित विकास कार्यों से वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। डिंडोरी, मंडला और बालाघाट जैसे आदिवासी क्षेत्रों का सड़क संपर्क और मजबूत होगा। बाईपास चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने से रीवा-जबलपुर और भोपाल-जबलपुर में 20 मिनट की बचत होगी।

## पाकिस्तानी विमानों के लिए 24 सितंबर तक बंद रहेगा भारतीय हवाई क्षेत्र, सरकार ने बढ़ाया समय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तानी विमानों के लिए बंद किए गए अपने हवाई क्षेत्र की अवधि को सरकार ने और आगे बढ़ा दिया है। भारत की ओर से जारी नोटिस टू एयरमेन के अनुसार, अब पाकिस्तानी विमान 24 सितंबर तक भारतीय हवाई क्षेत्र में दाखिल नहीं हो सकेंगे। इससे पहले पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए 24 अगस्त तक अपना हवाई क्षेत्र बंद किया था। भारत सरकार की ओर से 22 अगस्त को जारी नोटम के अनुसार, भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों और सैन्य उड़ानों सहित पाकिस्तानी एयरलाइंस/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों के लिए भारतीय समयानुसार 24 सितम्बर को सुबह 05¬30 बजे उपलब्ध नहीं होगा।

## 20 साल पुराने वाहन भी भर सकेंगे फर्राटा, देनी होगी रजिस्ट्रेशन फीस की दोगुनी राशि

**नई दिल्ली. एजेंसी**

केंद्र सरकार ने पुराने वाहनों के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण को लेकर बदलाव किया है. नए प्रावधान में 20 वर्ष पुराने वाहनों का नवीनीकरण महंगा हो गया है. इसके लिए वाहन मालिकों को दोगुनी फीस देनी होगी.

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. केंद्र सरकार का मानना है कि नए नियम से प्रदूषण फैलाने वाले और पुराने वाहनों को धीरे-धीरे सड़कों से हटाया जा सकेगा. इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि सड़क सुरक्षा में भी सुधार की उम्मीद है. 15 वर्ष पुराने वाहनों के नवीनीकरण शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है. सड़कों की सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण के लिए वाहनों की आयु 15 वर्ष रखी गई है. इसके बाद उनको कबाड़ घोषित करने का आदेश है. इसमें निजी वाहनों पर सख्ती न करके वाहन स्वामी की इच्छा पर छोड़ा गया था. यानी वाहन स्वामी 15 वर्ष पुराने वाहन को कबाड़ घोषित कर सकता है और चाहे तो उसका नवीनीकरण भी करा सकता है. इसके लिए शुल्क निर्धारित किया गया है. अब सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 20 वर्ष आयु पूरी कर चुके वाहनों के पंजीकरण शुल्क का स्लैब जारी किया है.

नए स्लैब में प्रत्येक वाहन की नवीनीकरण फीस दोगुनी हो गई है. विंटेज बाइक व कार के शौकीनों को 40 व 80 हजार रुपये तक फीस भरनी होगी. लखनऊ में 20 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निजी व कामर्शियल वाहनों की संख्या साढ़े छह लाख से अधिक है. इन वाहन स्वामियों को अपना वाहन चलाने के लिए अधिक जेब ढीली करनी होगी।

**विदेश** | रूस अपने अचूक हथियारों के लिए प्रसिद्ध

## व्लादिमीर पुतिन का दावा, 'रूस की परमाणु पनडुब्बियों को विदेशी रडार ट्रैक नहीं कर सकते

**मास्को ,एजेंसी ।** अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इस समय कोई देश अपने आक्रामक तेवरों की वजह से सबसे ज्यादा चर्चा में है, तो वो रूस है। यूक्रेन के साथ लंबे समय से रूस की जंग को अमेरिका और यूरोप रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन रूस ने इसके लिए अपनी शर्तें रखी हैं। रूस अपने अचूक हथियारों के लिए भी प्रसिद्ध है। यूक्रेन के साथ युद्धविराम की कोशिशों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी परमाणु पनडुब्बियों को विदेशी रडारों से सुरक्षित बताया है।

व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि रूसी परमाणु पनडुब्बियां आर्कटिक की बर्फ के नीचे बिना किसी विदेशी रडार की जद में आए चल सकती हैं। यह हमें औरों



के मुकाबले ज्यादा सशक्त बनाता है। मॉस्को के सरोव में न्यूक्लियर सेक्टर के कार्यकर्ताओं संग हुई बैठक में पुतिन ने दावा किया कि आर्कटिक क्षेत्र रूस की सिक्योरिटी के लिहाज से बेहद अहम है। इस क्षेत्र में रिसर्च की जरूरत पर बल देते हुए पुतिन ने कहा कि आर्कटिक अनुसंधान बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि बर्फ पिघलने के कारण नौवहन मार्ग अधिक सुलभ होते जा रहे हैं। कई देश इन मार्गों का उपयोग करने में रुचि रखते हैं।

अपने वर्कर्स का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने दावा किया कि जो परिस्थिति है उसे देखते हुए कह सकते हैं कि हम यहां फायदे में हैं। रूस वर्तमान में एकमात्र ऐसा देश है जो परमाणु ऊर्जा से चलने वाले आइसब्रेकर बेड़े का संचालन कर रहा है। 2000 के दशक से, रूस ने आठ बोरेई-श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियां बनाई, जिनमें से सबसे हालिया पोत, क्यनाज पॉजर्स्की, पिछले साल लॉन्च किया गया था, जबकि दो निर्माणाधीन हैं। पुतिन ने पिछले महीने कहा था कि पनडुब्बियां बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस हैं, जिनकी मारक क्षमता 8,000 किमी (4,970 मील) तक है।

# ट्रेड पर जयशंकर का ट्रंप को सीधा मैसेज: अगर आपको नहीं पसंद तो न खरीदें

**एजेंसी**

विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अभी भी जारी है, लेकिन हमारे सामने कुछ सीमाएं (रेड लाइन्स) हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत पर 27 अगस्त से एडिशनल 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं, यानी देश पर कुल 50 प्रतिशत लागू हो जाएगा। 'इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025' में विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, हमारी चिंता इस बात को लेकर है कि सीमाएं मुख्य रूप से हमारे किसानों और कुछ हद तक हमारे छोटे उत्पादकों के हित से जुड़ी हैं। हम, एक सरकार के रूप में, अपने किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस पर पूरी तरह दृढ़ हैं। इस पर समझौता नहीं किया



जा सकता।

विदेश मंत्री ने आगे कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दुनिया और यहां तक कि अपने देश के साथ भी व्यवहार करने का तरीका पारंपरिक रूढ़िवादी तरीके से बेहद अलग है। जयशंकर ने कहा, यह हास्यास्पद है कि व्यापार-समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लोग दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। अगर आपको भारत से तेल या रिफाइंड प्रोडक्ट खरीदने में दिक्कत है, तो मत खरीदो। कोई आपको इसके लिए मजबूर नहीं कर रहा। यूरोप खरीदता है, अमेरिका खरीदता है, अगर आपको नहीं पसंद, न खरीदें। जयशंकर का ये बयान ऐसे समय आया है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव बना हुआ है। अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया है, जिमें 25% पेनल्टी टैरिफ भी शामिल है। रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर ये पेनल्टी लगाई गई है।

## टैरिफ वॉर के बीच पीएम मोदी की चीन यात्रा अहम, लेंगे एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त से जापान और चीन की यात्रा पर जाएंगे. पीएम मोदी पहले जापान जाएंगे इसके बाद चीन की यात्रा पर निकलेंगे. अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर भारी भरकम 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद उनकी यह यात्रा काफी अहम मानी जा रही है. विदेश मंत्रालय ने पीएम मोदी की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जापान के पीएम शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर पीएम मोदी 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जा रहे हैं. पीएम मोदी 29 और 30 अगस्त को जापान में रहेंगे. जापान के पीएम शिगेरु इशिबा के साथ पीएम मोदी की पहली शिखर वार्ता होगी हालांकि वह इससे पहले 8 बार जापान की यात्रा कर चुके हैं. इस यात्रा के दौरान दोनों नेता भारत और जापान के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की समीक्षा करेंगे. इसमें रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार तथा लोगों के बीच आदान-प्रदान शामिल होंगे. वे क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे. विदेश मंत्रालय के अनुसार उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के संबंध और मधुर होंगे.

## अमेरिकी सरकार इंटेल में खरीदेगी 10 फीसदी हिस्सेदारी, डोनाल्ड ट्रंप ने की घोषणा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी सरकार इंटेल में 10 फीसदी हिस्सेदारी लेने की योजना बना रही है। इसकी घोषणा करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि चिप निर्माता भी इस प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। इस खबर के आने के बाद कंपनी के शेयरों में 7 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि चिप निर्माता कंपनी को अमेरिका में कारखाने बनाने या विस्तार करने के लिए लगभग 10 अरब डॉलर (870 अरब रुपये) का फंड मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सरकार इंटेल में 9.9 फीसदी हिस्सेदारी 8.9 अरब डॉलर (करीब 775 अरब रुपये) या 20.47 डॉलर (करीब 1,780 रुपये)/शेयर में खरीदेगी। 43.33 करोड़ इंटेल शेयरों की खरीद चिप्स





अधिनियम से प्राप्त 5.7 अरब डॉलर (495 अरब रुपये) के अवैतनिक अनुदान और सिक्योर एन्क्लेव कार्यक्रम के लिए दिए 3.2 अरब डॉलर (278 अरब रुपये) के वित्तपोषण से की जाएगी। इससे पहले सॉफ्टबैंक ने भी चिप निर्माता में 2 अरब डॉलर की हिस्सेदारी लेने पर सहमति जताई थी। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रंप ने इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन से मुलाकात की थी। यह उनकी 11 अगस्त के बाद उनकी दूसरी मुलाकात थी, जब ट्रंप ने टैन से चीनी फर्मों के साथ उनके संबंधों को लेकर इस्तीफा देने की मांग की थी।

# मुख्यमंत्री की मंशा, उपमुख्यमंत्री के प्रयास से मिली बड़ी सौगात

कवर्धा, लोकशक्ति।

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल के निर्देश पर जिले को एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। जिला बनने के बाद पहली बार जिला अस्पताल कवर्धा में सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ की गई है।। 25 जुलाई 2025 को इस सुविधा का शुभारंभ हुआ और महज एक माह से भी कम समय में लगभग 145 मरीजों को इसका लाभ मिल चुका है। शुभारंभ के दिन ही एक ग्रामीण मरीज का सीटी स्कैन कर सेवा की शुरुआत की गई थी। अब तक जिले के लोगों को सीटी स्कैन जैसी जांच के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। इसमें समय और धन दोनों की भारी बर्बादी होती थी। लेकिन अब यह सुविधा शासकीय जिला अस्पताल में उपलब्ध होने से जरूरतमंद मरीजों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

**मरीजों की आवाज़, राहत और विश्वास की कहानी**




सीटी स्कैन सेवा का लाभ लेने वाले मरीजों और उनके परिजनों ने इसे जिले के लिए एक वरदान बताया है। मरीजों का कहना है कि अब हमें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। समय पर जांच हो जाने से इलाज भी जल्दी शुरू हो जाता है। यह सुविधा हमारे लिए जीवनदान जैसी है।

मरीजों के साथ आए परिजन कहते हैं कि पहले रायपुर या दुर्ग जाने में ही दिनभर का समय और हजारों रुपये खर्च हो जाते थे। अब जिला अस्पताल में ही जांच होने से हमें आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की राहत मिली है। यह सेवा गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बहुत बड़ी मदद है।

**सभी ब्लॉकों और अन्य जिलों से मिले लाभार्थी**

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रुव ने बताया कि जिला अस्पताल में 25 जुलाई 2025 को इस सुविधा का शुभारंभ हुआ और महज एक माह से भी कम समय में लगभग 145 मरीजों को इसका लाभ मिल चुका है। अब तक सीटी स्कैन जांच का लाभ विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों ने उठाया है जिसमें पंडरिया ब्लॉक से 22 मरीज,बोडला से 35 मरीज, सहसपुर लोहारा से 25 मरीज, कवर्धा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से 50 मरीज अन्य जिलों से 13 मरीज इनमें से 14 मरीजों का स्कैन आपातकालीन स्थिति में किया गया, जो मरीजों के उपचार में बेहद सहायक साबित हुआ।

**जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हमारी प्रथमिकता में :- उपमुख्यंत्री श्री शर्मा**

उपमुख्यंत्री विजय शर्मा ने सीटी स्कैन सेवा शुभारंभ के दौरान कहा था कि जिले के लिए अत्यंत आवश्यकता थी, आज वह सार्थक साबित हो रहा है। इससे न केवल स्थानीय मरीजों की कठिनाई दूर हुई है, बल्कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को समय और धन की भी बचत हो रही है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी रहेंगे। आने वाले समय में इस सेवा को और अधिक सशक्त और सुलभ बनाया जाएगा ताकि जिले और आसपास के अधिक से अधिक मरीजों को समय पर लाभ मिल सके।

## मुख्यमंत्री साय की पहल पर कुनकुरी में ऑडिटोरियम भवन निर्माण के लिए 6.67 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत

जशपुरनगर,।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कुनकुरी में ऑडिटोरियम भवन निर्माण के लिए 6 करोड़ 67 लाख 63 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे पहले पत्थलगांव में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए और नगर पालिका जशपुर के वार्ड क्रमांक 16 में ऑडिटोरियम निर्माण हेतु 6 करोड़ 76 लाख 55 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। ऑडिटोरियम निर्माण होने से आम लोगों को सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक सुव्यवस्थित मंच प्राप्त होगा। यहाँ विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे नाटक, संगोष्ठी, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं सरकारी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा सकेगा। इससे प्रतिभाओं को अपनी कला और विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में जनसुविधा आधारित अधोसंरचना विकास को नई गति मिल रही है। मुख्यमंत्री की पहल पर किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, महिलाओं और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों को निरंतर स्वीकृति मिल रही है और योजनाएं भी तेजी से क्रियान्वित हो रही है।

# वन मंत्री कश्यप एवं विधायक देव ने पौधा रोपकर किया वूमन फॉर ट्री अभियान का शुभारंभ

जगदलपुर, संवाददाता।

छत्तीसगढ़ सरकार में वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने शुक्रवार को जगदलपुर शहर के लोकमान्य तिलक वार्ड में पौधरोपण कर जगदलपुर में अमृत योजना के तहत 'वूमन फॉर ट्री' अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर महापौर श्री संजय पाण्डे जिला अध्यक्ष श्री वेदप्रकाश पांडे, अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,एम आई सी सदस्य, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी पौधरोपण किया। उल्लेखनीय है कि यह अभियान जगदलपुर शहर के तीन अलग-अलग वार्डों में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोकमान्य तिलक वार्ड में मंत्री श्री केदार कश्यप ने खुद एक पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। प्रवीर वार्ड में इंद्रावती नदी पर बने पुराने पुल के पास और महाराणा प्रताप वार्ड में




पुराने डंपिंग साइट पर 300-300 पौधे लगाए जाएंगे, जिससे कुल 900 नए पौधे रोपित होंगे। इस पहल का एक विशेष पहलू यह है कि इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी तीन महिला स्व-सहायता समूहों को दी गई है। यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। मंत्री श्री कश्यप ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें लगाकर देखरेख करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में भी सहायक होगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक भी मौजूद थे, जिन्होंने इस पहल का स्वागत किया और इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया।

## पांचवें दिन भी एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल जारी

**10 सूत्रीय मांगों को लेकर संविदा एनएचएम कर्मचारियो का हड़ताल भारी बारिश में भी डटे रहे**

**कवर्धा,** । कवर्धा शहर में सुबह से भारी बारिश के बावजूद अत्यधिक संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित हुए और अपनी मांगों को आवाज के माध्यम से बुलंद किए।

**वादा खिलाफी नहीं चलेगी** - एनएचएम कर्मचारियों ने मंच से सरकार को याद दिलाया कि सत्ता में आने से पहले मोदी की गारंटी के तहत 100 दिन में मांग पूरी करने की बात कही थी किंतु सत्ता में आने के बाद भूल गई है 160 बार से भी अधिक ज्ञापन सौंपा जा चुका है किंतु शासन आज भी गंभीर नहीं है।जिससे कर्मचारियों ने वादा खिलाफी का नारा लगाया। **एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से अस्पताल वेंटिलेटर वेंटिलेटर पर** लगातार पांचवे दिन के हड़ताल से अस्पतालों की हालत बहुत खराब हो गई है जो स्वयं वेंटिलेटर पर है। जिसे खुद इलाज की जरूरत है। कई संस्था में ताला बंदी जिले के कई उप स्वास्थ्य केंद्र में पूर्णतः ताला बंदी हो गया है जिससे प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को होने वाली वैक्सीनेशन भी बंद है। इंजेक्शन के साथ प्राथमिक उपचार भी नहीं मिलने से मरीज भटक रहे है। आज मंच को संबोधित करने वालों में प्रदीप सिंह ठाकुर, जेम्स जॉन, विनिष जॉय,शशिकांत शर्मा, गेमेश चौधरी, जयंत कुमार,दुर्गेश गुप्ता, डॉ चंचला, डॉ ममता ठाकुर छवि साहू, आदि सभी ने मंच को संबोधित किया। उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी विनिष जॉय ने दी।

# सहकारी बैंक दुर्ग की ऋण उप समिति में 720.28 करोड़ का ऋण स्वीकृत

लोकशक्ति

दुर्ग, अभिजीत सिंह, कलेक्टर दुर्ग एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की अध्यक्षता में ऋण उप समिति की बैठक बैंक में सम्पन्न हुआ। बैठक में संचालक सदस्य श्री अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग, श्री संदीप कुमार भोई उप संचालक संचालक कृषि जिला दुर्ग एवं सचिव के रूप में श्री एस.के.जोशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या.दुर्ग उपस्थित थे। बैठक में कुल 309 ऋण प्रकरणों का राषि 720.28 करोड़ ऋण स्वीकृत किया गया। जिसमें फसल ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 से 2027-28 कुल 2 समितियों के लिए राषि 113.06 लाख, उद्यानिकी फसल केला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 5 प्रकरणों में राषि 7.28 लाख, पपीता ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 3 प्रकरणों में राषि 8.28 लाख, टमाटर ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 3 प्रकरणों में राषि 6.69 लाख, करेला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 1 प्रकरणों में राषि 0.80 लाख स्वीकृत की गई है। गौ पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीन के 153 प्रकरणों में राषि 269.90 लाख एवं नवीनीकरण के 97 प्रकरणों में 158.69 लाख, मत्स्य पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 01 प्रकरणों में 0.78 लाख, बकरी पालन हेतु नवीन केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 4 प्रकरणों में राशि 5.52 लाख, कुक्कुट पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 2 प्रकरणों में राशि 6.00 लाख, मध्यमकालीन नार्मल ऋण 7 वर्ष अंतर्गत 4 प्रकरणों में राशि 6.23 लाख, मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण के 17 प्रकरण में राषि 84.95 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा नवीन के 1 प्रकरणों में राशि 5.00 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा पुनः स्वीकृति 2 प्रकरणों में राशि 10.00 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति पश्चात पुष्टि हेतु 8 प्रकरणों में राशि 7.10 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति हेतु 3 प्रकरणों में राशि 7.60 लाख, स्वयं सहायता समूह एन.आर.एल.एम. अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 1.50 लाख, धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर कक्ष, बोर पंप हेतु ऋण स्वीकृति अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 15.90 लाख की स्वीकृति दिया गया।

# तारापुर की सड़क की मरम्मत शुरू

**खबर का असर;**

**दिन में तारे दिखा देने वाली है तारापुर की सड़क का जीर्णोद्धार शुरू**

बकावंड, 22 अगस्त (आरएनएस)। हमने दिन में तारे दिखा देने वाली तारापुर की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की बदहाली की खबर सामने लाई और अधिकारियों व ठेकेदारों को भी दिन में तारे, चांद सब दिखाई देने लगे। आनन फानन में सड़क की मरम्मत का कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू कर दिया गया है। दरअसल बकावंड विकासखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़कों का बड़ा बुरा हाल हो गया है। करोड़ों खर्च कर बनाई गई सड़कें अब चलने लायक भी नहीं रह गई हैं। सी ही हालत विकासखंड के ग्राम तारापुर की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की हो गई है। यह सड़क राहगीरों को दिन में तारे दिखा रही है। गांवों में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया



गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से स्तरहीन सड़कें बनवाई गई हैं, जिसका नतीजा यह हो रहा है कि ये सड़कें 5-6 माह भी नहीं टिक पा रही हैं। इनकी हालत पुरानी सड़कों से भी बदतर हो गई है। गड्ढों और कीचड़ से सराबोर ये सड़कें ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। पड़ोसी राज्य ओड़िशा के बिल्कुल करीब स्थित बकावंड ब्लाक की ग्राम पंचायत तारापुर का मुख्य मार्ग और राजामुंडा मुख्य मार्ग बदहाल हो गए हैं। इनका निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराया गया है। ये सड़कें बस्तर को ओड़िशा से जोड़ती हैं। इस मुख्य मार्ग से सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं। रेत लदे दर्जनों ट्रकों का भी आवागमन इसी सड़क पर होता है। एक तो घटिया निर्माण, ऊपर से ओवर लोड रेत भरे ट्रक टिप्परों के दबाव ने सड़कों का हुलिया और भी बिगाड़ दिया है।

**नहीं कराया गया डामरीकरण**

हमने जैसे ही यह खबर उजागर की, अधिकारी हरकत में आ गए, उन्होंने ठेकेदार को हड़काया और ठेकेदार ने भारी भरकम मशीनों की मदद से सड़क के गड्ढों को पटवाना शुरू कर दिया है, मगर यह समस्या का अस्थायी समाधान है। बारिश हुई तो हालत फिर जस की तस हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की डामरीकृत सड़कें बनवाने का प्रावधान है, मगर बकावंड ब्लॉक की तारापुर ग्राम पंचायत समेत तमाम गांवों में जितनी भी सड़कें इस योजना के तहत बनवाई गई हैं, उनका डामरीकरण ही नहीं कराया गया है।

**अपर कलेक्टर ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित**

# सुकमा में आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ

**सुकमा**,। सेवा, समर्पण और संकल्प के साथ जनभागीदारी आधारित उत्तरदायी सुशासन की दिशा में आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत हो गई है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर एवं सहायक संयुक्त श्री हेमंत सिन्हा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि यह अभियान जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा है।

ग्रामीण बनायेंगे कार्ययोजना, गांवों के चहूँमुखी विकास पर रहेगा फोकस

अपर कलेक्टर श्री ठाकुर ने प्रेसवार्ता में बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के तीनों विकासखंडों के 277 गाँवों का चयन किया गया है। इन गाँवों में शासन की योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी और




ग्रामीण अपने अनुभवों व आवश्यकताओं को सामने रखेंगे। इन्हीं आधारों पर कार्ययोजनाएँ तैयार होंगी। लोगों को जागरूक करने और सशक्त विकास की दिशा में जिले में 5 मास्टर ट्रेनर, 24 ब्लॉक स्तरीय ट्रेनर और 5 हजार वॉलिंटियर तैयार किए जाएंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य विजन 2030 को ध्यान में रखते हुए गांवों के समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने अभियान के संबंध में अधिकारियों से अपने सवाल पूछे और कुछ सुझाव भी दिये। कार्यक्रम में सभी पत्रकार उपस्थित थे।

## बगीचा नगर पंचायत में जनभागीदारी से चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान

**0 जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ अधिकारी कंधे से कंधा मिला कर दे रहे स्वच्छता का संदेश**

**जशपुरनगर,** जशपुर जिले में नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पंचायत बगीचा में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) अंतर्गत विशेष पखवाड़े के तहत शुक्रवार को जनभागीदारी से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने इस अभियान में अपनी भागीदारी दी। सभी ने मिलकर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नगरीय निकाय के अधिकारी और निर्वाचित सदस्यों द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया। जिसमें सभी ने साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक शौचालयों के



रखरखाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रेरित होकर नगरीय निकाय क्षेत्र में विशेष साफ़ सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि यहां विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें खुले क्षेत्रों में कचरा फेंकने की रोकथाम, नालियों की सफाई, और झुग्गी बस्तियों में स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है। विशेष अभियान चलाने के साथ-साथ बगीचा शहर के सौंदर्यीकरण हेतु योजना तैयार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा बस स्टैण्ड, झुग्गी-बस्तियों, और बाजार क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें रात दिन सफाई और स्वच्छता जागरूकता सत्र शामिल हैं। बगीचा अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप राठिया ने बताया कि इस अभियान में जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों, विश्वविद्यालय और स्वच्छता क्लबों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कचरा संग्रहण, परिवहन, और प्रसंस्करण को नियमित करने पर भी जोर दिया जा रहा है ताकि स्वच्छता स्थायी हो। इस दौरान पार्षद राजकिशोर जायसवाल, अनिमा, तहसीलदार महेश्वर उइके, नायब तहसीलदार सुशील शुक्ला, सदानंद मिश्रा, सीएमओ क्षितिज सिंह, अधिवक्ता शैलेश पाठक, अंजनी सिंह, उमा ठाकुर सहित नगर के व्यवसायी भी इस अभियान में शामिल हुए।

**विधायक किरण देव ने सुनी जनता की समस्याएं, पहुंचाई फौरी राहत भी**

# सैकड़ों ग्रामीण, सरपंच पहुंचे विधायक कार्यालय

जगदलपुर, संवाददाता।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आज अपने विधायक कार्यालय नयापारा में विधानसभा क्षेत्र के जनमानस से भेंट एवं कर उनकी समस्याएं सुनी तथा समस्याओं का निराकरण करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने भी सौजन्य भेंट मुलाकात कर अपनी बात रखी। क्षेत्रीय विधायक किरण देव ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे जनमानस से सुबह से ही विधायक कार्यालय में मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जिसमें मुख्यतः सडक निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल, राजस्व संबंधी प्रकरण, विद्युत संबंधित व अन्य समस्याओं से अवगत होकर तत्काल कार्रवाई करते हुए जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण संभव था, उन समस्याओं को संबंधित विभाग से चर्चा कर तत्काल निराकरण करवाया। वहीं सड़क, पुलिया, नाली, मूलभूत सुविधाओं



व अन्य समस्याओं को जल्द आगामी दिनों में निराकरण करने की बात कही। क्षेत्र की जनता से जिन उम्मीदों से जगदलपुर विधानसभा का किरण देव को विधायक बनाया है उन उम्मीदों पर सजगता से जनमानस के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा क्षेत्र के देवतुल्य जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। जनता को किसी भी तरह की समस्या व परेशानी ना हो उस संबंध में कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढियारी रायपुर में कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

लोकशक्ति



**रायपुर, संवाददाता।** शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढियारी रायपुर में विशेष रोजगार कार्यालय द्वारा छ.ग. लोक सेवा आयोग, उच्च शिक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा कि तैयारी हेतु मार्गदर्शन कार्यक्रम दिनांक 21.08.2025 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रातः 10:00 बजे किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी एवं शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के 152 विद्यार्थी कार्यकम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने हेतु मुख्य वक्ता डॉ. (श्रीमती) शशीकला अतुलकर, विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर एवं श्री.ओम प्रकाश साहू, प्रोफेसर (शंकराचार्य महाविद्यालय रायपुर) उपस्थित थे। उपसंचालक डॉ. अतुलकर द्वारा कोशिश के महत्व तथा लॉ आफ अट्रैक्शन के माध्यम से अपने सपनो को साकार करने के सूत्र विद्यार्थियों को बताए। उन्होंने कहा कि साकारात्मक सोच निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। डॉ. ओमप्रकाश साहू प्रोफेसर ने अविष्कार की प्रक्रिया तथा विशिष्ट कौशल विकास पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने भीतर छिपी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें निखारने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मुधुलिका अग्रवाल ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनो से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा क्षमता का विकास होता है। कार्यशाला का संचालन डॉ. राजवंश कौर कोहली एवं सहयोगी सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभ्रा मिश्रा एवं नीतू सिंह रही एवं महाविद्यालय परिवार से डॉ. पद्येश नाग, डॉ. वंदना कुमार, डॉ. आशा दुबे, डॉ. शुभ्रा वर्मा, लोकेश सातपथी, कुसुम चंद्राकर एवं मधु उर्वशी सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

महाविद्यालय परिसर में ही इच्छुक बेरोजगार छात्र/छात्राओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया, जिमसें निजी नियोजक अलर्ट एस.जी.एस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर एवं बॉम्बे इंटेलिजेन्स सिक्युरिटी (इंडिया) लिमिटेड रायपुर उपस्थित हुए। इस प्लेसमेंट कैम्प में शासकीय नवीन महाविद्यालय एवं शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के 18 आवेदकों ने रोजगार के लिए आवेदन किए जिसमें से अलर्ट एस.जी.एस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर 02 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से सेक्यूरिटी गार्ड एवं माकेटिंग के लिए तथा बॉम्बे इंटेलिजेन्स सिक्युरिटी (इंडिया) लिमिटेड रायपुर द्वारा 04 आवेदकों का प्रारंभिक चयन सेक्यूरिटी गार्ड के लिए किया गया।

# साफ्टवेयर से शिक्षकों की काउंसलिंग, पोस्टिंग में अफसरों की नहीं चली

### डीपीआई बोले- साफ्ट्वेयर से काउंसलिंग होगी पारदर्शी

रायपुर ।



शिक्षा विभाग में काउंसलिंग में बड़ा खेल होता था। पिछली सरकार में सहायक शिक्षकों से शिक्षक पद पर प्रमोशन की काउंसलिंग में ज्वाइंट डायरेक्टरों ने ऐसा भ्रष्टाचार किया कि पांच में से चार ज्वाइंट डायरेक्टरों को निलंबित होना पड़ा। जेडी ने बंद कमरे में काउंसलिंग की। उसमें सही जानकारी नहीं दी गई कि कहां किस स्कूल में पद खाली है। शहर के आसपास के स्कूलों में रिक्त पदों को छुपा लिया गया। जब दूसरे संभागों में ट्रांसफर हो गया तो फिर जेडी के दलालों ने शिक्षकों को फ ोन लगा डेढ़ से ढाई लाख रुपए लेकर मनचाहे स्कूलों में पोस्टिंग दे डाली। संभागायुक्तों की जांच में पता चला कि 2800 से अधिक शिक्षकों की पोस्टिंग में ज्वाइंट डायरेक्टरों ने 50 करोड़ से ज्यादा का खेला कर दिया।

युक्तियुक्तकरण में भी गड़बड़ी

सरकार ने हाल ही में 12 हजार से अधिक शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण के बाद ट्रांसफ र किया, उसमें भी ऐसा ही हुआ। डीईओ और जेडी ने बंद कमरों में काउंसलिंग कर दी। डीपीआई का निर्देश था कि काउंसलिंग की रिकार्डिंग कराई जाए, मगर नहीं कराई गई। युक्तियुक्तकरण के बाद पोस्टिंग में अधिकारियों ने बड़ा खेल कर दिया। डीपीआई ने बनवाया साफ्टवेयरपुरानी शिकायतों और युक्तियुक्तकरण की गड़बड़ियों को देखते डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी ने एनआईसी से ऐसा साफ्टवेयर बनाने कहा, जिसमें काउंसलिंग में परिंदा के पर मारने की गुंजाइश न हो। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डीपीआई खुद भी कई बार एनआईसी के लोगों के साथ बैठ कर उसका रिव्यू किया। डीपीआर ने एक तो पहली बार शिक्षकों की पोस्टिंग ऑनलाइन काउंसलिंग के जरिये करने का फैसला किया। फिर काउंसलिंग की गड़बड़ियां रोकने क्यूआर कोड आधारित काउंसलिंग का साफ्टवेयर तैयार कराया, । छत्तीसगढ़ ही नहीं देश के नीट, जेई जैसे बड़े प्रतिष्ठित परीक्षाओं की काउंसलिंग में भी अब क्यूआर कोड वाली काउंसलिंग नहीं होती। मगर छत्तीसगढ़ में ट्राईबल संवर्ग के प्राचार्यों की काउंसलिंग में क्यूआर कोड सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा, काउंसलिंग में पारदर्शिता बनी रहे, इसलिए तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए नई व्यवस्था की गई है।

# प्रोजेक्ट सुरक्षा के तहत छात्रों को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

### जिले में लगभग 350 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं 25 पंचायत सचिवों ने सीखा प्राथमिक उपचार और सीपीआर



रायपुर, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में जिला प्रशासन रायपुर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के संयुक्त प्रयास से प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांट में 105 बच्चों व शिक्षकों को प्रथम बैच में प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय बैच में स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम विद्यालय गनियारी तिल्दा में 150 बच्चों शिक्षकों को तथा 3ह्म्स्र बैच में शासकीय हाई स्कूल घेवरा में 60 बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों को भी प्राथमिक उपचार और सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया गया।

साथ ही मल्टीलेवल पार्किंग में चौथे फ्लोर में पंचायत विभाग के पंचायत विभाग के 23 पंचायत सचिवों को से अधिक लोगों को प्राथमिक उपचार कीट एवं सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया।

सीपीआर प्रशिक्षण से आपात कालीन स्थितियों में जीवन बचा सकते हैं। प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण हैं और इसे सीखने के लिए और भी लोगों को प्रेरित करेंगे और आपात कालीन स्थितियों में हमारे द्वारा लोगों की सेवा किया जाएगा।

# डॉ.माणिक विश्वकर्मा को हिंदी सलाहकार समिति का राष्ट्रीय सदस्य बनाया गया



**रायपुर।** मध्य भारत के छत्तीसगढ़ राज्य से संबंध रखने वाले डॉ.माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में राष्ट्रीय सदस्य के रूप में चुना गया है।यह नियुक्ति भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय की अनुमति के बाद की गई है। राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव मीनाक्षी जौली द्वारा इस संबंध में आधिकारिक सूचना दिनांक 8 अगस्त 2025 को जारी की गई है।डॉ.माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' को यह जिम्मेदारी एक गैर- सरकारी सदस्य के रूप में सौंपी गई है।इस राष्ट्रीय समिति में पूरे देश से केवल तीन सदस्यों को नामित किया गया है, जिनमें डॉ. माणिक विश्वकर्मा के अलावा हरियाणा से नेहा धवन और चेन्नई से श्रीश्री कांथा कन्नन को भी शामिल किया गया है।डॉ.माणिक विश्वकर्मा ने कहा कि वे मंत्रालय के साथ मिलकर तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में हिंदी भाषा के समावेश और प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएँगे। एनटीपीसी कोरबा से उप महाप्रबंधक के पद पर सेवा निवृत्त लब्धप्रतिष्ठ वरिष्ठ साहित्यकार, समीक्षक ,लेखक, प्रखर वक्ता एवं नवछंद विधान हिंदकी के निर्माता डॉ.माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग 'ने विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने के बावजूद अपना पूरा जीवन हिंदी भाषा एवं साहित्य के उन्नयन एवं विकास के लिए समर्पित कर दिया है। सन 1971 से हिंदी भाषा की सेवा एवं साहित्य सृजन कर रहे हैं। प्रतिष्ठित पत्र- पत्रिकाओं में नियमित रूप से छप रहे हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं। उनकी 15 कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी है एवं पाँच प्रकाशित होनी है। वे पाँच काव्य संग्रहों का संपादन कर चुके हैं। सैकड़ों पत्र-पत्रिकाओं में उनकी रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं।200 से अधिक समीक्षाएँ कर चुके हैं। विगत 44 वर्षों से संकेत साहित्य समिति जिसके वे संस्थापक भी हैं के माध्यम से नये रचनाकारों को बेहतर लिखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' का रचना संसार विशाल एवं बहुआयामी है। उनकी भाषा सरल, सुबोश, आकर्षक एवं ललित है। उनकी रचनाएँ ङ्क रचना कौशल ,भाषा शैली, अर्थ विश्लेषण एवं विवेचना की हर कसौटी में खरी उतरती है। उनकी अभिव्यक्ति की सहजता हृदय स्पर्शी है। उनकी रचनाएँ मानव मूल्यों को संपूर्णता प्रदान करती हैं। रचनाओं में नयापन,नयी बानगी,नयी रवानगी,एवं नित नये प्रतीक- बिंबों का प्रयोग उन्हें अन्य रचनाकारों से अलग पहचान दिलाता है। यही उनकी खूबी भी है।

## तीजा पर्व पर महिलाओं को तोहफा, रायपुर से चलेंगी दो जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

रायपुर, ।




तीजा पर्व के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ की महिलाओं को रेलवे ने खास सौगात दी है। मायके जाने वाली महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दो जोड़ी 'तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू स्पेशल ट्रेनें' चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें रायपुर-अनूपपुर-रायपुर और रायपुर-ताड़ोकी-रायपुर रूट पर विशेष रूप से 24, 25, 28 और 29 अगस्त 2025 को संचालित होंगी। रायपुर-अनूपपुर स्पेशल (06803/06804) ट्रेन सुबह 4:50 बजे रायपुर से रवाना होकर सिलयारी, तिल्दा, भाटापारा, बिल्हा, उसलापुर, करगी रोड, पेंड्रारोड, जैतहरी होते हुए सुबह 10:15 बजे अनूपपुर पहुंचेगी, जबकि वापसी में दोपहर 1:30 बजे अनूपपुर से चलकर शाम 7:15 बजे रायपुर पहुंचेगी। वहीं, रायपुरङ्कताड़ोकी स्पेशल (06805/06806) ट्रेन सुबह 6:00 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दुर्ग, बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ होते हुए सुबह 10:15 बजे ताड़ोकी पहुंचेगी और वापसी में दोपहर 12:00 बजे ताड़ोकी से चलकर शाम 4:25 बजे रायपुर लौटेगी। रेलवे का यह निर्णय तीजा जैसे पारंपरिक पर्व पर महिलाओं की आवाजाही को सहज और सुगम बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिससे हज़ारों महिलाओं को उनके मायके तक सुरक्षित और आरामदायक सफर मिल सकेगा।

## एमडी एमएस उत्तीर्ण चिकित्सा छात्रों को शासकीय सेवा में अवसर देने काउंसिलिंग शुरू

**0 अनुबंध के आधार पर दो वर्ष देना होगा सेवा**

**रायपुर,** स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा पीजी (एमडी एमएस) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को अनुबंध के आधार पर दो वर्ष की शासकीय सेवा में अवसर हेतु काउंसिलिंग की तिथि तय कर दी गई है। स्वास्थ्य सेवाएं आयुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार यह प्रक्रिया ऑन लाइन की जाएगी। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एवं छग चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों से पीजी कोर्स करने वाले उत्तीर्ण छात्रों को अनुबंधित रूप से अनिवार्य रूप से भाग लेना होगा। इन चयनित छात्रों को विभिन्न स्थानों पर पदस्थापना दी जाएगी। पदस्थापना स्थल साफ्टवेयर के माध्यम आबंटित किया जाएगा। काउंसिलिंग से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट में उपलब्ध करा दी गई है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्रों को पहले पंजीयन 20 से 24 अगस्त के मध्य कराना होगा। यहां पर च्वाइस फिलिंग एवं लाकिंग का काम 24 से लेकर 25 तक होगा। तथा सीट का आबंटन 26 अगस्त से शुरू हो जाएगा। यह प्रक्रिया दो चरणों में होगी दूसरा चरण 27 अगस्त से शुरू होगा। जो कि 29 अगस्त तक होगा। सीट का आबंटन 30 अगस्त को कर दिया जाएगा। आयुक्त सहसंचालक स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार प्रत्याशियों को च्वाइस फिलिंग एवं लाकिंग प्राथमिकता क्रम पर अंकित करते हुए विकल्प पेश करना है। इसके बाद इसे लॉक करना है। यदि अभ्यर्थी स्वयं लॉक नहीं करते तो अंतिम विकल्प आटोमेटिक लॉक हो जाएंगे।

## (रायपुर) चाकू लेकर आतंक फैलाते दो गिरफ्तार

**रायपुर,** तेलीबांधा और मोवा पुलिस ने चाकू लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस को सूचना मिली कि तेलीबांधा ओव्हर ब्रीज के नीचे एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अखिलेश कुमार साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। वहीं मोवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दलदल सिवनी पानी टंकी के पास चाकू लहराते आरोपी गौतम डोडे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से भी चाकू जब्त किया है। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## 27.88 लाख की हेरोइन के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 27.88 लाख मूल्य की हेरोइन बरामद की है। यह कार्रवाई कबीरनगर थाना पुलिस द्वारा नारकोटिक्स एक्ट के तहत की गई।

छापेमारी के दौरान 273.19 ग्राम हेरोइन, 6 मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस ने इस मामले में 30 वर्षीय आरोपी मनमोहन सिंह सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

मेडिकल बिल पास करने के एवज में रिश्वत मांगने वाला बाबू रंगेहाथ गिरफ्तार

रायपुर, 22 अगस्त (आरएनएस)। राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई लगातार जारी है। ताजा मामले में एक सरकारी स्कूल में पदस्थ बाबू को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथों पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार, चांपाझार चंपारण स्थित शासकीय स्कूल में कार्यरत बाबू लंबे समय से शिक्षकों से मेडिकल बिल पास करने और अन्य कार्यों के लिए पैसे की मांग करता था।

## जमकर थिरके उपमुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और आमजन

# मंत्री नेताम के निवास में मनाया गया पोरा तिहार, राज्यपाल भी हुए शामिल

लोकशक्ति





**रायपुर** कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निवास में शनिवार को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार 'पोरा तिहार' धूमधाम और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। पोरा तिहार के इस पावन पर्व पर राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों को पोरा तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति और कृषि जीवन की महत्वपूर्ण परंपरा है।

कार्यक्रम की शुरुआत में कृषि मंत्री नेताम अपनी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेताम के साथ भगवान शिव-पार्वती और भगवान स्वरूप नांदिया-बैला का पूजा-आराधना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पोरा तिहार की शुभकामनाएं दी। कृषि मंत्री नेताम ने कहा आज पोरा तिहार है, जो छत्तीसगढ़ की परम्परा में किसानों और पशु प्रेम को समर्पित है। इसके साथ ही तीन दिन बाद तीजा है, जो सुहागिनों के लिए सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शंकर के लिए तीजा का कठिन व्रत किया था। हमारी सरकार हर माह के पहले हफ्ते में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत एक-एक हजार रूपए उनके खातों में अंतरण कर महिलाओं का सम्मान बढ़ा रही है।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मंत्री गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक पुरंदर मिश्रा, रोहित साहू, मोतीलाल साहू, इन्द्र कुमार साहू, सहित मंडल-निगम आयोग के पदाधिकारी व आमजन उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री साव ने में कहा कि आज हमारे साथी मंत्री रामविचार भैया ने त्यौता देकर हमें पोरा मनाने अपने घर पर बुलाया है। पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा और सामाजिक सद्भाव का पर्व हैं। हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी पोरा तिहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार द्वारा पारंपरिक पर्वों को सम्मान एवं नए उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

कृषि मंत्री निवास को परंपरागत ग्रामीण परिवेश में विशेष रूप से सजाया गया था। पारंपरिक बैलगाड़ी, नंदिया-बैला और मिट्टी के खिलौने व बर्तन से सुसज्जित वातावरण ने ग्रामीण अंचल की झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिससे पोरा तिहार का उत्सव और अधिक जीवंत हो गया। वहीं इस मौके पर आगंतुकों ने छत्तीसगढ़ के ठेठरी, खुरमी, अइरसा, गुलगुला भजिया, चीला, फरा सहित विविध प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

## संपादकीय

# भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से दिखाई पाक की सच्चाई

पाकिस्तान की आतंक परस्ती को दुनिया के सामने एक्सपोज करने का काम भारत ने किया है। इसी का नतीजा है कि अब दुनिया में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से जवाबी कार्रवाई कर पाकिस्तान को पूरी तरह से बेनकाब करने का काम यिका है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को सबक सिखाया जा चुका है। भारत पाकिस्तान के संघर्ष की बातें हम भांति-भांति से सुन चुके हैं। लगता है सब अपने-अपने हिस्से का 'सच' बताने की रणनीति पर चल रहे हैं।

प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री संसद में बयान दे चुके हैं। रक्षा अधिकारी बता चुके हैं कि पाकिस्तान की बैंड भारत ने कैसे बजाई। लेकिन लगता है जैसे हमारे वायु सेना प्रमुख जरा देर से जागे हैं। उन्होंने ऐसी बात बताई है जो आज तक कोई नहीं बता पाया था। बाकी सब लोग पाकिस्तान और पीओके में आतंकी अड्डों के ध्वस्त होने और कई एयर फील्ड तबाह कर देने तक तो पहुंचे थे लेकिन एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने शनिवार को जो कहा वह सबसे अलग है।



## दुनिया आजमाती रही मुझे

इश्क के अंदाज ही बड़े निराले हैं
इसके अनेक जख्म दिल में पाले हैं।

मौज करते उधार के पैसों पर
जो साबुत हाथ पैर वाले हैं।

जिंदगी में सफेद पोष दिखते हैं
दिल के कुछ गोरे कुछ काले हैं।

मौत तो आसान हो गई है अब
पर जिंदगानी के पड़े लाले हैं।

बादलों का अता पता भी नहीं
सुखी नदिया और शुष्क नाले हैं।

रिश्तो की कमी नहीं रही कभी
पर सब मुझे आजमाने वाले हैं।

देखो चेहरा उनका खिल गया है
प्यार के रंग हमने इतने डाले हैं।

दुनिया आजमाती रही मुझे संजीव
जाने कितने इम्तिहान लेने वाले हैं।

**- संजीव ठाकुर,**

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra- Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# विकराल होते ऑनलाइन गेम पर नियंत्रण का कानून सराहनीय



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार




इंटरनेट के विस्तार ने आधुनिक दौर में जीवन को अनेक सुविधाएं दी हैं, लेकिन इसके साथ ही कुछ नए गंभीर संकट भी पैदा किए हैं। इनमें सबसे गंभीर संकटों में से एक है ऑनलाइन गेमिंग या कहें तो मनी गेमिंग की बढ़ती लत। यह सच है कि गेमिंग मनोरंजन का साधन हो सकती है, पर जब इसमें धन का जुड़ाव होता है, तब यह सीधा-सीधा जुए एवं सट्टे के रूप में बदल जाती है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति एवं परिवार को भी कंगाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में एक साल में 45 करोड़ लोगों ने बीस हजार करोड़ गवां दिये हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते रहे हैं। सवाल इन लालच बेचने एवं जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं एवं त्रासद विडम्बनाओं के बाद ऑनलाइन गेमिंग पर नियंत्रण का एक विधेयक भारत सरकार इसी मानसून सत्र में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है। जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। यह स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि गेमिंग के नाम पर अरबों रुपए का लेन-देन और करोड़ों युवाओं की मानसिक शांति को नष्ट करने वाली प्रवृत्ति दिनोंदिन विकराल रूप ले रही है।

आज स्थिति यह है कि ऑनलाइन गेमिंग की लत केवल समय और धन की बर्बादी ही नहीं कर रही, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों में भी तनाव और विघटन का कारण बन रही है। स्कूल और कॉलेज के छात्र अपनी पढ़ाई की उपेक्षा कर इस आभासी दुनिया में डूबते जा रहे हैं। युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा रात-दिन गेमिंग में डूबा रहता है, जिससे उनके व्यक्तित्व और भविष्य पर गहरा नकारात्मक असर पड़ रहा है। यह संकट केवल आर्थिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। दिन-रात स्क्रीन से चिपके रहने वाले युवक चिड़चिड़ापन, अवसाद और एकाकीपन का शिकार हो रहे हैं। उनमें हिंसक प्रवृत्तियां भी उभर रही हैं। कई ऐसी खबरें भी आ चुकी है, जिनमें लगातार आनलाइन गेम खेलते रहने से मना करने पर कोई किशोर हिंसक हो गया और उसने या तो आत्महत्या कर ली या फिर किसी की जान ले ली। ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी लत रिश्तों को तोड़ रही है, दोस्ती और पारिवारिक बंधनों को कमजोर कर रही है। एक पूरी पीढ़ी, जिसे राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए था, अपनी ऊर्जा और रचनात्मकता इस आभासी जुए में गँवा रही है।

सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये अवश्य उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो। यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉन्ड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने राजस्व की परवाह न करते हुए ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या केवल कानून से इस प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकेगा? इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं। यह नितांत अपेक्षित है कि वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवतः छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं। जो कथित तौर पर हवाला कारोबार और विदेशों में धन-शोधन के कार्यों में लिप्त बताये जाते हैं।


भारत सरकार का यह कदम इसलिए भी जरूरी एवं प्रासंगिक है कि इस उद्योग का टर्नओवर कई आर्थिक, राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों के साथ कई हजार करोड़ तक पहुंच गया है। विदेशी कंपनियां भी इस क्षेत्र में सक्रिय होकर भारतीय युवाओं को लुभाने के लिए तरह-तरह के विज्ञापन और प्रलोभन दे रही हैं। इन मंचों पर जीतने की लालच में फंसकर युवा अपने उज्ज्वल भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत जीवन नहीं बिगाड़ती, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है, क्योंकि जिन युवाओं को शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना चाहिए, वे अपना समय और ऊर्जा इन आभासी खेलों में गवां रहे हैं। आज जरूरत है कि ऑनलाइन गेमिंग की इस समस्या को केवल कानूनी दायरे में ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी गंभीरता से लिया जाए। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को समय पर समझाएं, उनका मार्गदर्शन करें और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। समाज को भी मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि मनोरंजन के नाम पर फैल रहे इस जुए की घातक एवं विध्वंसक संस्कृति को बढ़ावा न दिया जाए।

यह ठीक है कि सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने का प्रस्ताव पारित कर एक सही दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाया है, लेकिन कानून से भी अधिक जरूरी है जागरूकता। जब तक लोग स्वयं यह नहीं समझेंगे कि गेमिंग का यह जुआ उनके भविष्य को तबाह कर रहा है, तब तक समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम मनोरंजन के नाम पर छल रही इस प्रवृत्ति का पर्दाफाश करें और अपने युवाओं को सुरक्षित, रचनात्मक और सकारात्मक भविष्य की राह पर अग्रसर करें। असंख्य परिवारों को आज अपने बच्चों की इस आदत के कारण कर्ज और बर्बादी में अंधेरों में जाने से बचाये। खेल के नाम पर ऑनलाइन मंचों पर पैसा लगाना दरअसल सट्टेबाजी ही है, जिसमें जीत की संभावना क्षणिक होती है और हार की संभावना लगभग निश्चित। लाखों युवक अपने खून-पसीने की कमाई या माता-पिता की मेहनत की कमाई को इन कंपनियों की तिजोरियों में डाल रहे हैं। यह समस्या अब जुए की लत से भी अधिक खतरनाक हो चुकी है, क्योंकि इसमें तकनीक की चकाचौंध और आसानी से उपलब्धता ने युवाओं को पहले से ज्यादा असुरक्षित बना दिया है।

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग का बाजार बीते कुछ वर्षों में तेजी से फैला है। विज्ञापनों, प्रलोभनों और चमकदार ऑफरों ने युवाओं को अपने शिकंजे में इस तरह जकड़ लिया है कि लाखों लोग इसमें डूबकर अपनी शिक्षा, करियर और परिवार तक को दांव पर लगा बैठे हैं। जब खेल केवल मनोरंजन तक सीमित रहता है तब तक उसकी उपयोगिता है, पर जैसे ही इसमें धन और लालच का तत्त्व जुड़ता है, यह जुए में बदल जाता है। और यही वह बिंदु है जहां से विनाश की शुरुआत होती है। सच्चाई यह है कि ऑनलाइन गेमिंग का जाल इतना व्यापक हो चुका है कि इसे रोकने के लिए कानून की सख्ती के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और पारिवारिक हस्तक्षेप भी उतने ही जरूरी हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग के सख्त नियमन और इसे भारी कराधान के अधीन लाना एक व्यावहारिक समाधान होगा। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देकर उपभोक्ताओं के लिये सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की भी जरूरत है। इस अभियान में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना भी लगाना एवं बड़े-बड़े दावे करने वाली मशहूर हस्तियों पर कार्रवाई भी होते हुए दिखनी चाहिए, तभी यह कानून कारगर एवं प्रभावी बन पायेगा।

# विभाजक ताकतों को उलाहना देती बाबुश्किन की हिंदी

**उमेश चतुर्वेदी**




बाबुश्किन का हिंदी बोलना भारतीय राजनीति और समाज के उस तबके के लिए सीख हो सकता है, जो हिंदी का सवाल आते ही भड़क उठते हैं। जिन्हें विदेशी अंग्रेजी तो ग्राह्य और स्वीकार्य है, लेकिन हिंदी उनकी अपनी अस्मिता पर सवाल उठाती लगती है। आज के रूस और उसके पूर्ववर्ती सोवियत संघ में हिंदी की पढ़ाई-लिखाई 1957 से ही शुरू हो गई थी, इस लिहाज से रूस के किसी नागरिक का हिंदी बोलना महत्वपूर्ण नहीं माना जा सकता। लेकिन आज के दौर में भारत स्थित रूसी दूतावास के दूसरे नंबर के अधिकारी रोमन बाबुश्किन अगर हिंदी के चंद लफ्जों का इस्तेमाल करें तो वह अहम हो जाता है। रूस से तेल खरीद के चलते अंकल सैम की आंखें इन दिनों भारत पर लाल हैं। इसी संदर्भ में 20 अगस्त को रूसी दूतावास ने एक प्रेस कांफ्रेंस रखी। उस प्रेस कांफ्रेंस में अपने संबोधन की शुरूआत बाबुश्किन ने हिंदी के दो वाक्यों से करके भारतीय भाषा प्रेमी पत्रकारों का दिल जीत लिया। बाबुश्किन का पहला वाक्य रहा, 'सभी का हार्दिक स्वागत है।' पत्रकारिता जगत की हस्तियों की श्रवणेंद्रिय इस हिंदी प्रयोग का झटका झेल रही थीं, कि बाबुश्किन ने ठेठ भारतीय सांस्कृतिक अंदाज में दूसरा वाक्य छोड़ दिया, ÷हम शुरुआत करेंगे...भगवान गणेश के साथ। गणेश चतुर्थी आ रही है।÷

बाबुश्किन का हिंदी बोलना भारतीय राजनीति और समाज के उस तबके के लिए सीख हो सकता है, जो हिंदी का सवाल आते ही भड़क उठते हैं। जिन्हें विदेशी अंग्रेजी तो ग्राह्य और स्वीकार्य है, लेकिन हिंदी उनकी अपनी अस्मिता पर सवाल उठाती लगती है। आजाद भारत की राजनीति जाति, धर्म और भाषा के आधार पर किस कदर विभाजित हुई है, इसे समाज तो रोज ही झेलता-देखता है। इस विभाजक सोच का ही असर है कि हमारी अपनी भाषाओं के बीच भी झगड़े पैदा किए जा रहे हैं। भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के विरोध में राजनीति खूब खड़ा कर रही है और इसके जरिए वह अपना सियासी उल्लू ही सीधा करती है। नैरंतर्य और सकारात्मकता के लिहाज से देखें तो इसके सामाजिक विघटन की नींव ही मजबूत हो रही है। अस्मिताबोध को जगाने की आड़ में भाषायी वैमनस्य की राजनीति का एक मात्र मकसद सामाजिक विघटन को बढ़ाना और उस बंटे समाज के बीच से अपने खांचे में फिट बैठने वाला बड़ा समर्थक आधार वर्ग तैयार करना है। इसीलिए जब नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के जरिए प्राथमिक शिक्षा की बात होती है तो हिंदी को किनारे लगाने के लिए तमिल राजनीतिक अस्मिता उठ खड़ी होती है। कन्नड़ और बांग्ला भाषा बोध भी हिंदी के खिलाफ उठ खड़ा होता है। दिलचस्प यह है कि स्थानीय भाषाबोध के इन खिलाड़ियों के लिए वह अंग्रेजी अपनी हो जाती है, जिसकी कथित तौर पर वैश्विक व्यापकता है। हालांकि हकीकत यह है कि अंग्रेजी की व्यापकता गहराई से देखें तो अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और हांगकांग में ही है।

अंग्रेजी को तो बाबुश्किन ने भी अपना रखा है। भारतीय पत्रकारों के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बाद में वे अंग्रेजी में ही बोले। लेकिन हिंदी में बोलकर उन्होंने एक तरह से भारतीय लोगों का दिल जीतने की कोशिश की। ठीक उसी अंदाज में, जिस अंदाज में नरेंद्र मोदी स्थानीय समुदायों के दिल तक अपनी पैठ बनाने के लिए स्थानीय भाषाओं के कुछ शब्दों के साथ अपने भाषण की शुरूआत करते रहे हैं। पता नहीं, बाबुश्किन ने हिंदी बोलकर वहां उपस्थित कितने भारतीय पत्रकारों का दिल जीता, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों और सोशल मीडिया पर जब से उनकी मीठी प्रचारित हुई है,उन्होंने ठेठ भारतीयों का दिल जरूर जीत लिया है।

सोवियत संघ में हिंदी फिल्में काफी पसंद की जाती रही हैं। एक दौर में राजकपूर की फिल्में खासा लोकप्रिय रही हैं। राजकपूर अभिनीत फिल्म श्री 420 का गीत 'मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंग्लिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' एक दौर में सोवियत संघ के घर-घर का पसंदीदा गीत बन गया था। कम्युनिस्ट शासन के दौर में रूस की राजधानी मास्को में हिंदी में दो प्रकाशक भी सक्रिय रहे, प्रगति प्रकाशन और रादुगा प्रकाशन। इन प्रकाशनों के जरिए रूसी लेखकों के साथ ही लेनिन, स्टालिन आदि की रचनाएं हिंदी में अनूदित होकर सस्ते में उपलब्ध होती थीं। एक दौर में सोवियत संघ की दो पत्रिकाएं 'सोवियत देश' और 'स्पूतनिक' भारत में बहुत प्रचलित थे। हिंदी की वहां पढ़ाई भी खूब होती है। इसकी शुरूआत 1955 में हुई। उसके पहले तक रूस की भारत में दिलचस्पी संस्कृत भाषा और साहित्य के अध्ययन तक सीमित थी। साल 1955 में सोवियत संघ के तत्कालीन प्रधानमंत्री निकिता ख्रुश्चेव ने भारत का दौरा किया। इसी दौरे में उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा, ÷हम यह देखेंगे कि हमारे देश की शिक्षा प्रणाली ऐसी विकसित हो जिसमेँ सर्वश्रेष्ठ और सर्वगुण-सम्पन्न नई पीढ़ी हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को सीखें।÷इसी के बाद सोवियत संघ में हिंदी प्रकाशन और पढ़ाई-लिखाई की शुरूआत हुई।

आज रूस के मास्को राजकीय विश्वविद्यालय, रूसी राजकीय मानविकी विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय संबंध विश्वविद्यालय, सांक्त पितेरबूर्ग विश्वविद्यालय, विद्यालय क्रमांक 19, मॉस्को, फ़ार ईस्ट विश्वविद्यालय, ब्लादीवोस्तक आदि में हिंदी पढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के जवाहरलाल नेहरू साँस्कृतिक केंद्र में हिन्दी की कक्षाएँ चल रही हैं। जिनमें हर आयु वर्ग लोग हिंदी सीख रहे हैं।

साफहै कि विदेशी लोग हिंदी सीख रहे हैं, भारत आए विदेशी हिंदी बोल रहे हैं। इस्कॉन के मंदिरों में जाकर देखा जा सकता है, भगवान कान्हा के विदेशी भक्त भी मीठी हिंदी में बात करते मिल जाएंगे। लेकिन हमारी ही राजनीति के ही एक वर्ग को हमारी हिंदी से परहेज है। ऐसे लोगों के लिए बाबुश्किन की मीठी हिंदी एक तरह मीठा उलाहना है। बाबुश्किन जैसों की जुबान से निकली हिंदी भारतीय भाषा प्रेमियों के लिए नव उत्साह के संचार का जरिया है। ऐसे सुखद हादसों से हिंदी ही नहीं, भारतीय भाषा प्रेमी भी प्रेरित होते हैं। काश कि हमारी राजनीति भी इसे समझती, इससे प्रेरित होने की कोशिश करती और भाषा के नाम पर होने वाली विभाजनकारी राजनीतिक कर्म से बचती।

# अशिक्षा जनित अंधविश्वास, समग्र विकास में अवरोध।

**संजीव ठाकुर**

आश्चर्य की बात है कि आज के प्रगतिशील वैज्ञानिक युग में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से शिक्षित जनमानस भी अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अंधभक्त या अनुयाई हो गया है। मकान में वास्तु दोष दूर करने के लिए अनावश्यक तोड़फोड़ और सुधार के लिए लाखों खर्च किए जाते हैं। यह अंधविश्वास का एक जीता जागता प्रमाण है। वास्तु दोष तथा अंधविश्वास को मानने वाले 90त्न शिक्षित युवा इस मकड़ जाल में फंसे हुए हैं। अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैद्य यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही हैद्य

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैद्य उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफशिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैद्य शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फचांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिएद्य बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। **यह निजी विचार है।**

# नारायणपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चलाया जा रहा है "साइबर जागरुकता अभियान'




**लोकशक्ति। संवाददाता।** नारायणपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चलाया जा रहा है ''साइबर जागरूकता अभियान''। परीयना निःशुल्क कोचिंग सह आवासीय विद्यालय गरांजी में जाकर साइबर अपराधों से बचने संबंधी दिया गया जानकारी। ऑनलाईन ठगी,एजुकेशन लोन ठगी, फर्जी कॉल क्रेडिट कार्ड फ्रॉड एवं तरह-तरह के साइबर अपराधों से बचने के संबंध मे दिया गया जानकारी।

विद्यालय में मौजुद छात्रों द्वारा साइबर अपराध के संबंध में किया गया सवाल-जवाब।

पुलिस अधीक्षक, श्री रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अक्षय कुमार साबद्रा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार नायक (रा.पु.से ) के मार्गदर्शन में एक ओर नक्सल अभियानो में अभुतपूर्व सफ्लता प्राप्त की जा रही हैं। वही दूसरी ओर सामुदायिक पुलिसिंग की दिशा में भी साईबर ''जागरूकता'' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में उप पुलिस अधीक्षक डॉ0 प्रशांत देवांगन, निरीक्षक विनीत दुबे एवं उनकी टीम व साइबर वॉलिंटियर द्वारा दिनॉक 22.08.2025 को परीयना निःशुल्क कोचिंग सह आवासीय विद्यालय गरांजी पहुचकर साइबर ठगी के संबंध में जानकारी दिया गया।

?? विद्यालय में साइबर अवेयरनेस संबंधी बेनर,पोस्टर व प्रोजेक्टर लगाकर विद्यालय में उपस्थित छात्र एवं सभी शिक्षक स्टाफको वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉडजैसे- किसान क्रेडिट कार्ड फ्रॉड ऑनलाईल लोन फ्रॉड, पेमेंट एप्प फ्रॉड सोषल मिडिया फ्रॉडएवं विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही साइबर टीम द्वारा छात्रों के साथ साइबर फ्रॉडके संबंध में सवाल-जवाब किया गया। सभी को अपने आसपास क्षेत्र में भी साइबर फ्रॉडके संबंध में जागरूक करने अवगत कराया गया । किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में हेल्प लाईन नम्बर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाने या www.cyber-crime.gov.in पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज करवाने के संबंध में अवगत कराया गया।

# महापौर मधुसुदन यादव ने फीता काटकर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का किया शुभारंभ



**मोतीपुर मे आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 243 रोगियों को उपचार कर नि:शुल्क दवाईया वितरण की गई**

**राजनांदगांव।** 23 अगस्त को मोतीपुर राजनांदगांव में आयुष विभाग राजनांदगांव द्वारा डॉ. शिल्पा मिश्रा के निर्देशन में आयुर्वेद होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धति से रोगियों की चिकित्सा हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से संध्या 3 बजे तक किया गया। जिसमें शिविर में आने वाले रोगियों को निःशुल्क औषधि भी वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ राजनांदगांव नगर के लोकप्रिय महापौर मधुसूदन यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। महापौर जी के साथ सावन वर्मा पार्षद, कमलेश बांधे पार्षद मनोहर यादव पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महापौर मधुसुदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आयुष पद्धति का शिविर विभाग द्वारा मेरे गृह क्षेत्र मोतीपुर में लगाया गया जो अत्यंत ही हर्ष का विषय है श्री यादव ने आगे बताया कि यह एक महा संयोग है कि आज उनका जन्मदिन भी है माननीय महापौर जी ने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में निःशुल्क आयुष शिविर का लाभ लेने हेतु आग्रह किया गया, साथ ही विभाग की जिला प्रमुख डॉक्टर शिल्पा मिश्रा को इस शिविर के आयोजन हेतु सराहना एवं आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समय पर आवश्यकता के अनुरूप निःशुल्क आयुष शिविर का आयोजन कराए जाने हेतु आग्रह किया गया।




झारखंड के रांची में भारी बारिश के बाद पानी से भरे गैराज में खड़ी एक बस।




गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल के कक्षा 10 के एक छात्र की उसके जूनियर छात्र द्वारा मामूली कहासुनी के बाद चाकू मारकर हत्या कर दिए जाने के बाद स्कूल के छात्रों के माता-पिता विरोध प्रदर्शन के दौरान तख्तियां पकड़े हुए हैं।

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यटन मंत्री उज्जैन में पीएचडीसीसीआई के द्वितीय विश्वस्तरीय आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

पीआईबी

महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन 27 अगस्त 2025 को पीएचडीसीसीआई के द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन ÷M¤ãmantic÷ की मेजबानी करेगी। यह कार्यक्रम पीएचडी चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) द्वारा पर्यटन मंत्रालय और मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास प्रभु मुख्य भाषण देंगे और सम्मेलन का आध्यात्मिक वातावरण तैयार करेंगे। पर्यटन मंत्रालय के अपर सचिव एवं महानिदेशक श्री सुमन बिल्ला (आईएएस) और मध्य प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (पर्यटन) श्री शिव शेखर शुक्ला (आईएएस) सहित वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर आध्यात्मिक पर्यटन पर पीएचडीसीसीआई-केपीएमजी की रिपोर्ट ÷आस्था और प्रवाहः भारत के पवित्र स्थलों में जनसमहू का मार्गदर्शन÷ का विमोचन भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सरकार-उद्योग गोलमेज सम्मेलन, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, जिम्मेदार आतिथ्य और आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर बातचीत के लिए दिन भर चलने वाले विचार-विमर्श में निम्नलिखित विषयगत सत्र शामिल होंगे।

# 76,736 कर्मचारियों को पीपीई किट और 60,586 कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं: सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री

पीआईबी

केंद्र सरकार की राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्य (नमस्ते) योजना के अंतर्गत 23 अगस्त 2025 को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, गांधी मैदान रोड, कारगिल चौक, पटना, बिहार में माननीय केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय डॉ. वीरेंद्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

माननीय मंत्री ने सफाई कर्मचारियों की गरिमा, सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने वाले नमस्ते योजना के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 85,819 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है और 76,736 कर्मचारियों को पीपीई किट और 60,586 कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं।




पीपीई किट के महत्व और उपयोगिता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक आकर्षक रंग परिधान कार्यक्रम (फ़ैशन शो) का भी आयोजन किया गया। इसे सभी ने सराहा।

पटना में प्रोफाइलिंग के माध्यम से कुल 408 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों का सत्यापन किया गया। इनमें से 25 एसएसडब्ल्यू और 25 कचरा बीनने वालों को कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक रूप से पीपीई किट प्रदान की गई और 25 सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। इसके अतिरिक्त ईआरएसयू के लिए सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए।

यह कार्यक्रम ÷वंचितों को प्राथमिकता÷ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण था। यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि ऐतिहासिक रूप से उपेक्षित या वंचित लोगों को उचित सहायता प्रदान की जा रही है जिसके वे हकदार हैं। हाशिए पर पड़े समूहों को प्राथमिकता देने के प्रति यह समर्पण सरकार के ÷विकसित भारत÷ के व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यहाँ प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की विकास यात्रा में योगदान देने और उससे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त हो।

कार्यक्रम में बिहार के कई माननीय मंत्री और राज्य तथा केंद्रीय अधिकारी शामिल हुये। इसमें बिहार के समाज कल्याण विभाग मंत्री श्री मदन साहनी, नगर विकास और आवास विभाग मंत्री श्री जीवेश कुमार, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग मंत्री श्री जनक राम, महापौर पटना नगर निगम श्रीमती सीता साहू, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालयसुश्री योगिता स्वरूप, नगर आयुक्त पटना श्री अनिमेष कुमार पराशर, अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार श्री विजय प्रकाश मीणा, प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम श्री प्रभात कुमार सिंह, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय बिहार श्री योगेश कुमार,और निदेशक श्री श्याम बिहारी मीणा शामिल थे।

# प्रकृति की रक्षा करेंगे तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी- राज्यपाल डेका

## जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर संगोष्ठी आयोजित

**रायपुर, लोकशक्ति**

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि जलवायु परिवर्तन 21 वीं सदीं की सभ्यता की सबसे बड़ी चुनौती है और इसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य है। जब हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। श्री डेका आज शनिवार को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई जलवायु परिवर्तन जर्नलिस्ट फोरम और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।




राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि धरती का तापमान असमान्य रूप से बढ़ रहा है, जिससे मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। ध्रुवीय क्षेत्रों की बर्फ तेजी से पिघल रही हैं, समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है, अनियमित वर्षा, सूखा और विनाशकारी तूफानों की घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण मानव जनित गतिविधियां, ग्रीन हॉउस गैसों का उत्सर्जन, वनों की अंधाधुंध कटाई और जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग है। वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड, मिथेन और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसों का स्तर तेजी से बढ़ रहा है जो धरती का तापमान बढ़ा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है। राज्य में तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, लू की तीव्रता और बाढ़ की घटनाएं बढ़ रही है। कोयला आधारित उद्योग, वनों की कटाई और रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग, ग्रीन हॉउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ा रहा है, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ कृषि, जल स्त्रोतों और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, प्रदूषण नियंत्रण और वन संरक्षण की दिशा मे ठोस कदम उठाने होंगे। छत्तीसगढ़ में 45 प्रतिशत वन क्षेत्र है। इस सुंदर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के एक पेड़ मां के नाम के तहत हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए, ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग हो, प्लास्टिक मुक्त अभियान को बढ़ावा दिया जाए और सौर व पवन ऊर्जा को अपनाया जाए।

श्री डेका ने कहा कि विद्यार्थियों, युवाओं की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन क्लब बनाकर जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन और टिकाऊ जीवनशैली को अपनाना समय की मांग है। डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से पर्यावरण शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना भी युवाओं का दायित्व है। जलवायु को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास हम कर सकते है।

कार्यक्रम में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल ने विश्वविद्यालय अंतर्गत पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। दक्षिण एशियाई जलवायु परिवर्तन जर्नलिस्ट फोरम के समन्वयक श्री कल्लोल के. घोष ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सलाहकार श्री सौम्य बंदोपाध्याय ने भी अपने विचार रखें।

इस अवसर पर विज्ञान एवं समाज के विकास में अमूल्य योगदान के लिए प्रोफेसर एम.एल. नायक को राज्यपाल ने सम्मानित किया साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओ को भी राज्यपाल के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।

संगोष्ठी में विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, फोरम के अध्यक्ष श्री आशीष गुप्ता, विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्य, शिक्षकगण, महाविद्यालयों एवं स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा गोबिंद नगर में 24 अगस्त को भव्य कथा व कीर्तन दरबार समारोह

रायपुर :

गुरुद्वारा गोबिंद नगर पंडरी रायपुर में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे से कीर्तन, कथा, गुरमत ज्ञान व सरबत के भले की अरदास होगी, जो दोपहर 2 बजे तक चलेगी। इसके बाद गुरु का लंगर अटूट बरतेगा।

शाम का दीवान 7 बजे से रात 12 बजे तक कीर्तन, कथा, गुरमत ज्ञान के साथ सजेगा। देर रात अरदास के बाद श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई जाएंगी। गुरुद्वारा कमेटी के इंद्रजीत सिंह चावला, कुलविंदर सिंह रखराज, बलविंदर सिंह अरोरा, मनिंदर सिंह रखराज, कृपाल सिंह हैहर, हरजिंदर सिंह संधू, जरनैल सिंह रंधावा, जसपाल सिंह हैहर ने बताया कि इस अवसर पर दरबार साहिब के हुजूरी रागी भाई कुलदीप सिंह जी और भाई सरबजीत सिंह जी श्री पटना साहिब वाले कीर्तन, कथा गुरमत ज्ञान से संगत को निहाल करेंगे। इनका सहयोग गुरुद्वारा गोबिंद नगर के भाई हरविंदर सिंह जी, भाई हरमिंदर सिंह जी तथा ज्ञानी अमर सिंह जी करेंगे। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने सभी से अपील की है कि वे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें।

# जांजगीर-चांपा जिले के 10 स्थानों 30-30 लाख की लागत से बनाए जाएंगे महतारी सदन

**166 महतारी सदन की मिली स्वीकृति, 25 सौ वर्गफुट में बनेगा महतारी सदन**

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा महतारी सदन - उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा**

**166 महतारी सदन हेतु 49 करोड़ 80 लाख रुपये जारी**

**अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति, 50 से अधिक महतारी सदन पूर्ण**




महतारी सदन में कमरा, बरामदा, हाल, किचन, स्टोररूम, पेयजल हेतु ट्यूबवेल और सामुदायिक शौचालय जैसी होंगी सुविधायें

**जांजगीर-चांपा संवाददाता।** प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। जिसके तहत जिले के 10 ग्रामों में पंचायतों में 30-30 लाख की लागत से महतारी सदन बनेगा। जिसमें विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम चोरिया, सरहर, बम्हनीडीह, बिर्रा, विकासखंड पामगढ़ के ग्राम धरदेई व मेउभांठा, विकासखंड अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनार, विकासखंड बलौदा के ग्राम जर्वे (ब), विकासखंड नवागढ़ के ग्राम सेमरा व पचेड़ा में महतारी सदन बनाये जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी।

### 5 वर्षो में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

## धमतरी पुलिस की नशे के विरुद्ध एक और कार्यवाही

### कुरूद थाना ने डांडेसरा में गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

धमतरी, आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (ख)एन.डी.पी.एस.एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, भेजा गया जेल। एसपी धमतरी के निर्देश पर अवैध शराब व नशे के कारोबार पर लगातार कसा जा रहा शिकंजा। एसपी. धमतरी के कुशल निर्देशन में थाना कुरूद पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ कार्यवाही में सफ्लता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए गांजा तस्करी के एक मामले का भंडाफोड़ कर आरोपी को गिरफ्तार किया और मादक पदार्थ जप्त किया है।

## चार साल बाद हुआ हत्या का खुलासा था : एक महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर चांपा /

चार साल बाद मर्ग प्रकरण में हत्या किए जाने का खुलासा हुआ है जिसमें एक महिला सहित तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया है ।मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि सूचक सुरेन्द्र नारंग निवासी मधईपुर दिनांक 8 नवंबर 2020 को चैकी पंतोरा में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि बिछलवा नरवा और छाता जगंल के पूल नहर पार में कोई अज्ञात पुरूष जली हालत में मृत अवस्था में पडा है । उक्त सूचना पर मर्ग क्रमांक 90/2020 कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया था अज्ञात पुरूष के शव का पहचान कार्यवाही कराया गया जिसे ग्राम बगडबरी के भूखल रोहिदास के रूप में पहचान परिजनों द्वारा की गई। दिनांक 24 जुलाई 25 को आरोपी राजा बाबू खुंटे द्वारा थाना चकरभाठा के अपराध क्रमांक 284/25 धारा 103 (1) भा.न्या.सं. के प्रकरण में मेमोरेण्डम दौरान अपने साथी पुरूषोत्तम खुंटे के साथ मिलकर राजिम उर्फ रजनी बाई के कहने पर अपराधिक षडयंत्र करके भुखल रोहिदास की हत्या करना कबूल करने पर मर्ग डायरी को




पुनः जांच किया जाकर आरोपीगण के विरूद्ध थाना बलौदा में अपराध क्रमांक 333/25 धारा 303,201,120 बी,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया । दौरान विवेचना के आरोपी राजाबाबू खुंटे का माननीय न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आरोपी राजाबाबू खुंटे, पुरूषोत्तम खुंटे, राजिम बाई को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया । मेमोरेण्डम कथन में आरोपी राजिम बाई उर्फ रजनी बतायी की मृतक पिता भूखल रोहिदास द्वारा जमीन का बंटवारा नही देने तथा शराब बिक्री करने पर लडाई झगडा करने एवं शंका करने से परेशान होकर राजिम बाई उर्फरजनी द्वारा अपराधिक षडयंत्र कर आरोपी पुरूषोत्तम खुंटे व राजाबाबू खुंटे को रूपये का लालच दिया गया जिसस पर से आरोपी पुरूषोत्तम खुंटे व राजाबाबू खुंटे द्वारा अपने पल्सर मोटर सायकल से मृतक भुखल दास को बैठाकर बिछलवा नरवा और छाता जगंल के पूल नहर पार में बैठकर मृतक भुखल रोहिदास के शराब में चुहा मार दवा मिलाकर पिलाना तथा मृतक के सिर में आरोपी द्वारा पत्थर मारकर शरीर में पेट्रोल डालकर आग लगाकर हत्या करना जुर्म स्वीकार करना तथा आरोपीगण के विरूद्ध अपराध धारा सदर का पर्याप्त सबूत पाये जाने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपी का नाम राजाबाबू खुंटे उम्र 24 वर्ष निवासी कुरमा थाना बलौदा ,पुरूषोत्तम खुंटे उम्र 28 वर्ष निवाड़ी कुरमा थाना बलौदा , राजिम उर्फ रजनी बाई रोहिदास निवासी बगडबरी थाना बलौदा जिला जाजगीर-चांपाशामिल है। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बलौदा राजीव श्रीवास्तव, चैकी प्रभारी पंतोरा उनि दिलीप सिंह, सउनि प्रतिभा राठौर, प्रधान आरक्षक गजाधर पाटनवार, नवीन क्षत्रीय, आर श्याम राठौर, प्रहलाद निर्मलकर, ईश्वरी राठौर, संदीप डहरिया, दीपक जायसवाल, महिला आरक्षक करूणा खैरवार एवं थाना बलौदा स्टाप का सराहनीय योगदान रहा।

## जिले के तीन उपनिरीक्षक हुए निरीक्षक के पद पर पदोन्नत



**जांजगीर चांपा /** जिले के तीन उपनिरीक्षकों का निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुआ है जिन्हें पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप ने स्टार लगाकर पदोन्नति प्रदान किया। पदोन्नत अधिकारी का नाम उपनिरीक्षक सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ , उपनिरीक्षक पारस पटेल थाना प्रभारी मुलमुला , उपनिरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी रक्षित केंद्र शामिल है। पुलिस मुख्यालय रायपुर स्थापना बोर्ड के मुताबिक आदेशानुसार उपनिरीक्षक मनोहर सिन्हा जो वर्तमान में थाना प्रभारी पामगढ़ में पदस्थ है, उपनिरीक्षक पारस पटेल थाना प्रभारी मुलमुला तथा उपनिरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी रक्षित केन्द्र जांजगीर में पदस्थ है तीनों अधिकारियों को उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कियें जाने पर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दिनांक 21 अगस्त 25 को स्टार लगाकर बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने आगामी नवरात्रि पर्व में श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति के पदाधिकारियों की बैठक ली

जांजगीर-चांपा

आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति नैला-जांजगीर की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय पांडेय ने समिति के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में नवरात्रि में अग्रसेन भवन के पास आयोजित होने वाले दुर्गा उत्सव के सफ्ल एवं सुरक्षित आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



कलेक्टर ने कहा कि उत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग एवं यातायात प्रबंधन की पुख्ता तैयारी की जाए। पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय ने सुरक्षा संबंधी प्रबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव स्थल पर सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से विशेष गश्ती दल नियुक्त होंगे। उन्होंने बेरिकेटिंग, यातायात, पार्किंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने विभिन्न सुझाव भी रखे। प्रशासन ने सभी आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया तथा शांति, सौहार्द और श्रद्धा के साथ दुर्गा उत्सव मनाने की अपील की। अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेद्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उदयन बेहार, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर, एसडीएम जांजगीर श्री सुब्रत प्रधान, श्री राजेश पालीवाल, श्री विक्रम पालीवाल, श्री संदीप शर्मा, श्री राकेश अग्रवाल सहित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा भक्ति पूर्वक बनाया गया पोला का त्यौहार

**संवाददाता। छत्तीसगढ़** राज्य की राजधानी रायपुर स्थित श्री दूधाधारी मठ में पोला का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्री स्वामी बालाजी भगवान एवं राम पंचायतन में नंदी के मृण मूर्तियों की पुष्प, धूप, अगरबत्ती, गुलाल, नैवेद्य अर्पित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने छत्तीसगढ़ वासियों को पोला पर्व की बधाई देते हुए कहा है कि - पोला का त्योहार पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में भाद्र मास के अमावस्या को श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाता है। यह कृषि से संबंधित त्यौहार है। किसान अपने बैलों के प्रति धन्यवाद और कृतज्ञापित करने के लिए यह त्यौहार मनाते हैं। बैलों को सजाकर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। उन्हें नैवेद्य का भोग लगाया जाता है। घरों में लोग बैल के मूर्तियों की पूजा श्रद्धा भक्ति पूर्वक करते हैं।

यह छत्तीसगढ़ राज्य का लोक पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज गौवंशियों पर आधारित कृषि कार्य करते आए हैं। वर्तमान में भले ही तकनीकी साधनों की वृद्धि हुई है किंतु ग्रामीण अंचलों में अभी भी कृषि कार्य में गौवंशियों का बहुत बड़ा योगदान है।



## पदुमतरा मे छत्तीसगढ़ रजत जयंती का आयोजन



**राजनांदगांव।** कलस्टर पदुमतरा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती कार्यक्रम हुआ जिसमें बिहान समुह के महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ व्यंजनों एवं छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का प्रतियोगिता हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर उपाध्यक्ष अनिता डिगेंद्र जिला पंचायत सभापति शीला टाकेश जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू जनपद सभापति बिहान खुशबू राकेश साहू जनपद सदस्य क्षेत्र के ललिता मोहन साहू बासुला सरपंच मालिकाम

पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष पप्पु चंद्राकर सोसल मीडिया प्रभारी राकेश साहू समस्त बिहान समुह महिलाए उपस्थित रहे।

### चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा.....

# विदेशी सामानों एवं विदेशी कंपनियों का पुतला जलाया

**विदेशी सामानों का उपयोग कम करने एवं बंद करने का आवाहन किया चैंबर्स के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने......**

संवाददाता। जांजगीर चांपा।



नेताजी चौक से कचहरी चौक तक झमाझम बॉरिश के बीच 22 अगस्त 25 को विदेशी कंपनियों को भारत से वापस भेजने एवं विदेशी सामानों का बहिष्कार करने हेतु चेंबर ऑफकॉमर्स जांजगीर नैला एवं स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलम्बन अभियान रैली निकाली गईद्य विदेशी सामानों का एवं विदेशी कंपनियों का पुतला जलाया गया। विदेशी समानों का बहिष्कार करने एवम स्वदेशी सामानों को अपनाने की अपील की गयी। इस दौरान चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से विदेशी सामानों के उपयोग को कम करने एवं बंद करने का आह्वान किया एवं भारत में ही बनाए जाने वाले सामानों का उपयोग के लिए भारत की जनता को प्रोत्साहित किया , उसी क्रम में हम सभी व्यापारियों ने भी यहां पर स्वदेशी जागरण मंच के साथ में मिलकर पूरे छत्तीसगढ़ में एक ही समय पर एक ही दिन में यह कार्यक्रम किया। हमारा उद्देश्य जांजगीर शहर से ही नहीं अपितु पूरे भारत से विदेशी कंपनियों को भगाने एवं विदेशी सामानों का उपयोग बंद करने जन जागरूकता हेतु यह कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि विदेशी कम्पनियों को भारत से वापस जाने और विदेशी सामानों का उपयोग बंद होने या कम होने से भारत में बनाए हुए उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी और इससे हमारा भारत देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। भारत का पैसा भारत में ही घूमेगा और अपने लोगों का आर्थिक विकास होगा एवं सभी आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा तो दूसरे देश पर भारत की निर्भरता कम होगी । इससे दूसरे देशों का दबाव भारत पर कम होगा। वर्तमान में चल रहे टैरिफ वार जैसी परिस्थिति में लड़ने के लिए हमारा देश भी सक्षम होगा। अमेरिका जैसे देश रूस चीन दक्षिण कोरिया जापान पर दबाव इसलिए ही नहीं डाल पाते क्योंकि ये देश आज दूसरे के भरोसे नहीं चलते यह पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो चुके हैं ,उसी तरह जब हम आत्मनिर्भर हो जाएंगे तो ऐसे देशों की नहीं चलेगी और ऐसे देश अपनी मनमानी नहीं कर पाएंगे ऐसा सोचकर यह कदम उठाया गया है ।

चेंबूर के प्रदेश कार्यकारी मंत्री अमर सुल्तानिया ने भारत में ही बन रही वस्तुओं का उपयोग करने पर जोर दिया कहा कि इसे अमेरिका जैसे देशों के द्वारा टैरिफ अधिक लगाने पर उनसे लड़ने में सहायता मिलेगी ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक अमित गौरहा ने कहा कि अमेरिका का दबदबा कम करने के लिए स्वदेशी को अपनाना आवश्यक है , जापान एवं चीन का उदाहरण देकर भारत को भी वैसे ही आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। चेंबर के सचिव सुनील शर्मा ने कहा कि हम सभी मिलकर मेक इन इंडिया , लोकल फार वोकल की तर्ज पर आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे ।

इस दौरान छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं स्वदेशी जनजागरण मंच के सदस्य काफी संख्या में मौजूद थे।

चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के संरक्षक उमेश गोयल ,प्रदेश कार्यकारी मन्त्री अमर सुल्तानियां , जांजगीर नैला इकाई अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सचिव सुनील शर्मा उपाध्यक्ष अजय गट्टानी धीरज जैन,विकास अग्रवाल कोषाध्यक्ष भरत टहलानी शाह कोषाध्यक्ष गजानन्द अग्रवाल,सह सचिव अमित शर्मा विकास पालीवाल , पवन सिंघानिया, राजेश अग्रवाल प्रदीप राठौर , गणेश अग्रवाल, स्वदेशी जागरण मंच के सभी सदस्य एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला कार्यवाहक अमित गौरहा नगर कार्यवाहक डाक्टर संदीप तिवारी ,डॉक्टर यादव, विवेकानन्द स्कूल के संचालक मनोज पाण्डेय एवम् एवं चेंबर के सदस्य जनजागरण मंच के सदस्य एवं नगर से काफी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

## खास खबर

### मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान अंतर्गत सलोरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोरबा मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत केन्द्रीय रेशम बोर्ड - रेशम तकनीकी सेवा केंद्र (सीएसबी-एसटीएससी), बिलासपुर द्वारा सोमवार 18 अगस्त को ग्राम सलोरामें जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें अधिकांश महिलाएँ थीं। कार्यक्रम में श्री बी.एस. भंडारी, सहायक संचालक, रेशम, कोरबा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रतिभागियों को नई तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा विभाग द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस तसर रेशम धागा निर्माण एवं गुणवत्ता सुधार पर रहा।

कार्यक्रम में श्री अशोक कुमार वैज्ञानिक-बी ने प्रतिभागियों को कोकून की खरीद, ग्रेडिंग, भंडारण, छंटाई, कोसा उबालने, रीलिंग तथा कताई के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। डॉ. हेमलाल साहू, वरिष्ठ तकनीकी सहायक ने सिल्क समग्र-2 योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसमें केन्द्र एवं राज्य सरकार (80:10) के सहयोग से 90 प्रतिषत सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने प्रतिभागियों को इस योजना का लाभ उठाने तथा केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा विकसित नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बुनियाद रीलिंग मशीन एवं मोटराइज्ड स्पिनिंग मशीन का व्यवहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाई तथा बताई गई तकनीकों एवं तरीकों को अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

### पति ने की पत्नी की हत्या, शव जंगल में फेंका

कोरबा । चैकी कोहली थाना बालको क्षेत्र से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक लाल रजटोड़े (35 वर्ष), निवासी लालपुर स्कूल पारा, महुला की उसके पति लालू बायस ने गला दबाकर हत्या कर दी।

जानकारी के अनुसार आरोपी ने पत्नी की हत्या करने के बाद शव को पास के जंगल में फेंक दिया और फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दांपत्य कलह के चलते यह हत्या की गई।

### सेजेस पसान में होगी शिक्षकों की नियुक्ति

कोरबा। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पसान, वि.खं. पोड़ी उपरोड़ा में शिक्षको की पदस्थापना को लेकर वहां के छात्र-छात्राओं के द्वारा पसान में चक्का जाम किया गया था, जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी.उपाध्याय द्वारा संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा को तत्काल पसान जाकर स्कूल की समस्या के संबंध में प्रतिवेदन देने के लिए निर्देशित किया गया।

# रैली निकाले और कलेक्टर को तीन सूत्रीय मांगों से संबंधित सौंपा ज्ञापन

### मोदी की गारंटी को पूरा करने व भविष्य को सुरक्षित बनाने की मांग को लेकर मितानिनें और स्वास्थ्य सहयोगी सड़कों पर उतरे



कोरबा । मोदी की गारंटी को पूरा करने और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने की मांग को लेकर मंगलवार को जिले की मितानिनें और स्वास्थ्य सहयोगी सड़कों पर उतरे। घंटाघर चैक से दोपहर 12 बजे करीब 2250 की संख्या में मितानिन आशा, प्रशिक्षक, हेल्थ फैसिलिटेटर व ब्लॉक समन्वक बड़ी रैली के रूप में निकले और जिला कलेक्टर को तीन सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम के दौरान मितानिनों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकर्ताओं को लगातार ठेका पद्धति के तहत एनजीओ के भरोसे छोड़ना अन्यायपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि बीते 29 जुलाई को राजधानी रायपुर के तूता में प्रदेश स्तरीय धरना दिया गया था, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव सहाय को ज्ञापन सौंपकर आठ दिन की समय-सीमा दी गई थी। संगठन का कहना है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत मितानिनों की समस्याओं के स्थायी समाधान का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी।

इसके बाद प्रदेशभर में 7 अगस्त से 13 दिनों तक संभाग स्तरीय धरना-प्रदर्शन हुए, जिसमें कोरबा जिला भी 9 अगस्त रक्षाबंधन के दिन शामिल हुआ। उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ष्मितानिन पातीष् के जरिए पत्र भेजकर अपनी व्यथा बताई गई थी।

फिलहाल सकारात्मक पहल नहीं दिखने पर मंगलवार को कोरबा में फिर से जोरदार प्रदर्शन हुआ। ज्ञापन में मितानिनों ने स्थायी नियुक्ति, मानदेय में वृद्धि और ठेका प्रणाली खत्म करने की तीन सूत्रीय मांग रखी। अब संगठन की निगाहें सरकार की ओर हैं कि उनकी आवाज कितने दिनों में सुनी जाती है।मोदी की गारंटी को पूरा करने और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने की मांग को लेकर मंगलवार को जिले की मितानिनें और स्वास्थ्य सहयोगी सड़कों पर उतरे।

घंटाघर चैक से दोपहर 12 बजे करीब 2250 की संख्या में मितानिन आशा, प्रशिक्षक, हेल्थ फैसिलिटेटर व ब्लॉक समन्वक बड़ी रैली के रूप में निकले और जिला कलेक्टर को तीन सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम के दौरान मितानिनों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकर्ताओं को लगातार ठेका पद्धति के तहत एनजीओ के भरोसे छोड़ना अन्यायपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि बीते 29 जुलाई को राजधानी रायपुर के तूता में प्रदेश स्तरीय धरना दिया गया था, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव सहाय को ज्ञापन सौंपकर आठ दिन की समय-सीमा दी गई थी। संगठन का कहना है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत मितानिनों की समस्याओं के स्थायी समाधान का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी।

इसके बाद प्रदेशभर में 7 अगस्त से 13 दिनों तक संभाग स्तरीय धरना-प्रदर्शन हुए, जिसमें कोरबा जिला भी 9 अगस्त रक्षाबंधन के दिन शामिल हुआ। उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ष्मितानिन पातीष् के जरिए पत्र भेजकर अपनी व्यथा बताई गई थी।

फिलहाल सकारात्मक पहल नहीं दिखने पर मंगलवार को कोरबा में फिर से जोरदार प्रदर्शन हुआ। ज्ञापन में मितानिनों ने स्थायी नियुक्ति, मानदेय में वृद्धि और ठेका प्रणाली खत्म करने की तीन सूत्रीय मांग रखी। अब संगठन की निगाहें सरकार की ओर हैं कि उनकी आवाज कितने दिनों में सुनी जाती है।

### भाड़ा दर में कम से कम 25 प्रतिशत की वृध्दि नहीं हुई तो परिवहन कार्य करेंगे बंदः जितेन्द्र दास

कोरबा एसईसीएल की खदानों से स्थानीय उद्योगों तक कोयला परिवहन के भाड़ा दर में वृद्धि की जाए। भाड़ा में बढ़ोत्तरी नहीं किए जाने से कोयला ढुलाई घाटे का सौदा साबित हो रहा है। एक तरफहर चीज की लागत बढ़ गई है दूसरी भाड़ा में कोई वृद्धि नहीं की जा रही है। उक्त बातें प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र दास और सचिव धनंजय सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि समिति में लगभग 3000 से 4000 ट्रक मालिक पंजीकृत है। हम जिले में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 10,000 से 12,000 लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। जैसे कि पाट्र्स दुकानदार, मैकेनिक, पेट्रोल पंप, ड्राइवर, वर्कशॉप, टायर आदि इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि वर्ष 2023 से लगातार स्थानीय उद्योगों द्वारा कोयला परिवहन के लिए भाड़ा दरों में कटौती की जा रही है, जबकि दूसरी ओर वाहन संचालन से संबंधित सामान पाट्र्स, टायर, डीजल (एचएसडी) आदि की कीमतों में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इस स्थिति में ट्रक संचालन में भारी आर्थिक घाटा झेलना पड़ रहा है।

# पक्के मकान के बारे में कभी सोचा ही नहीं था, बनने के बाद लगता है कि अपना भी एक घर है

### 0 बृजमोहन और उनकी पत्नी इन्जोरा बाई ने पीएम आवास योजना से बनाए पक्के मकान




**कोरबा** । ग्रामीण बृजमोहन खैरवार का वैसे तो खुद का अपना एक घर था, लेकिन उस घर में सुकून कम परेशानी ज्यादा थी। बृजमोहन को लगता था कि उनकी जिंदगी बस खेती किसानी के कार्यो में उलझ कर गुजर जाएगी और पक्का मकान के लिए कभी पैसा भी जोड़ नहीं पायेगा। जब पैसा ही नहीं होगा तो वह पक्का मकान भला कैसे बनाएगा। इस तरह बृजमोहन की जिंदगी के कई साल ऐसे ही गुजर गए और पक्के मकान का सपना सपना ही बनकर रह गया। इस बीच अपने झोपड़ी को पक्का करने की चर्चा पत्नी और बच्चों के साथ होती भी रहती थी, लेकिन जब पैसे की बात आती तो पक्का मकान का बुना हुआ सपना पल में धराशायी हो जाता था। पीएम आवास योजना में नाम आने के बाद बृजमोहन के सपने को जैसे पंख लग गए। उन्होंने कुछ पैसे का इंतजाम किया और योजना से मिली राशि से अपना घर बनवा लिया। अब गाँव में बृजमोहन का भी पक्का मकान बन गया है और वह अपनी पत्नी इन्जोरा बाई सहित बच्चों के साथ बिना किसी परेशानी का निवास कर पा रहा है।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जटगा में निवास करने वाले बृजमोहन खैरवार ने बताया कि वह वर्षो से झोपड़ी में निवास करता है। समय के साथ झोपड़ी जर्जर हो जाने और बारिश के दिनों में उन्हें हर साल परेशानी उठानी पड़ती थी। उन्हें मरम्मत के लिए अनावश्यक पैसे खर्च भी करने पड़ते थे। उन्होंने बताया कि उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि घर को पक्का बना सके। परिवार के लोगों की इच्छा थी कि घर पक्का बन जाए, लेकिन पैसे का इंतजाम नहीं हो पाने से उनकी इच्छाएं अधूरी ही रह जाती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के पश्चात उन्होंने कुछ रुपये का इंतजाम किया और अपना मकान बनवा लिया है। उन्होंने बताया कि अब सिर्फप्लास्टर का कार्य बचा है और आने वाले दिनों में इसे भी पूर्ण कर लेगा। हितग्राही बृजमोहन खैरवार ने अपना स्वयं का पक्का मकान बन जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि पीएम आवास योजना में नाम आया। हम सभी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के आभारी है कि हमारा नाम चयन कर राशि प्रदान की।

### जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत दोंदरों को मिला भारत सरकार से सम्मान

**o कलेक्टर ने बधाई और शुभकामनाएं दी**

कोरबा। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा कोरबा जिले के ग्राम पंचायत दोंदरों को जलसंरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में सम्मान प्राप्त करने के पष्चातजनपद पंचायत कोरबा सीईओ नेजनपद अध्यक्ष बीजमोती राठिया, जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 06 श्रीमती ललिता बलराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य कौशल प्रसाद पटेल, ग्राम पंचायत दोंदरो सरपंच श्री बंधन सिंह कंवर व पूर्व सरपंच श्रीमति उदमबाई कंवर व दोंदरो उपसरपंच श्रीमती प्रमिला मनहरण पटेल सहित अन्य ने कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात की और जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये गये प्रमाण पत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी को बधाई देते हुए कार्यों की प्रषंसा की और शुभकामनाएं दी।

जनपद सीईओ सुश्री कौषाम्बी गबेल ने बताया कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रत्येक विकासखण्ड से एक ग्राम पंचायत को जल संरक्षण के उत्कृष्ट कार्य के लिए चयन करने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके परिपालन में ग्राम पंचायत दोंदरो का चयन किया गया। दिनांक 13.08.2025 को ग्राम पंचायत दोंदरो सरपंच श्री बंधन सिंह कंवर व पूर्व सरपंच श्रीमती उदमबाई कंवर जनपद पंचायत कोरबा से रायपुर के लिए रवाना हुए। वहीं रायपुर एयरपोर्ट से हवाई जहाज के माध्यम इन दोनों को भारत सरकार की सुविधा पर दिल्ली पहुंचे।

### महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

कोरबा ।

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष 2025-26 अंतर्गत बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण तैयार करने बालिका सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। कलेक्टर श्री अजित वसंत के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत जयंती अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेनु प्रकाश द्वारा बताया गया की रजत जयंती वर्ष अंतर्गत विभाग में संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना है। इस हेतु आंगनबाड़ी स्तर पर खेल-खेल में पोषण, कुपोषण से निजात हेतु समुदाय आधारित कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन पंजीयन अभियान, वजन त्यौहार में समुदाय की भूमिका, जागृति शिविर आयोजन, बाल विवाह मुक्त छ.ग. अभियान, पाक्सो अधिनियम (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम), पोषण भी पढ़ाई भी अभियान, महतारी वंदन योजनान्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण, किशोरी सशक्तिकरण, साईबर सुरक्षा, स्वास्थ्य शिविर, स्कूलों में किशोरी बालिकाओं की सुरक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण, जेन्डर एवं लैंगिक समानता, गैर संस्थागत देखरेख अंतर्गत स्पॉन्सरशीप, फॉस्टर केयर, दत्तक ग्रहण विनियम का प्रचार-प्रसार किया जाना है। राज्य में मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारम्भ किया गया है, वर्ष 2025-26 में 40 प्रतिशत ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त किया जाना है। 21 मार्च 2029 को पूर्णतः बाल विवाह मुक्त किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एन.एफएच.एस.-5 आकड़ों के अनुसार बालिकाओं के प्रति हिंसा व शोषण की घटनायें चिन्ता का विषय बनी हुई है, बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा तथा उनके लिए एक सुरक्षित एवं समर्थ वातावरण सुनिश्चित करना आज अत्यन्त आवश्यक है।

# सड़क पर फैलाया निर्माण सामग्री, निगम ने लगाया अर्थदण्ड

**o आयुक्त ने दिए निर्देश-शहर में गंदगी करने वालों व सड़क, सार्वजनिक स्थल पर निर्माण सामग्री डम्प करने वालों पर लगातार जारी रहे कार्यवाही**



कोरबा। सड़क पर गिट्टी, रेत, ईंट आदि निर्माण सामग्री डम्प करने पर आज एम.पी.नगर मुख्य मार्ग पर स्थित गायत्री ट्रेडर्स पर निगम ने 2500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, वहीं डॉ.हरीश नायक क्लीनिक के सामने गंदगी बिखरी होने एवं सार्वजनिक स्थान सड़क में कचरा डालने पर भी निगम द्वारा 1000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, नालियों तथा अन्य स्थानों में गंदगी करने व सड़क पर निर्माण सामग्री डम्प करने वालों पर निरंतर कार्यवाही जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी उप जोन प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता ने बताया कि महाराणा प्रताप नगर मुख्य मार्ग पर स्थित गायत्री टेउड्रर्स के द्वारा सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाकर रखी गई थी, जिस पर निगम ने कार्यवाही करते हुए उन पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा कड़ी हिदायत दी कि वे पुनः सड़क व सार्वजनिक स्थल पर निर्माण सामग्री डम्प न करें, अन्यथा अर्थदण्ड के साथ-साथ सामग्री को जप्त करने की कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होने बताया कि निहारिका क्षेत्र स्थित डॉ. हरीश नायक क्लीनिक के सामने सड़क पर कचरा डाला गया था तथा गंदगी फैलाई गई थी, इस पर भी निगम अमले ने कार्यवाही की तथा 1000 रूपये अर्थदण्ड आरोपित किया।

सड़क, सार्वजनिक स्थल पर न डालें कचरा व निर्माण सामग्री - आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने पुनः अपील करते हुए कहा है कि सड़क के किनारे व सार्वजनिक स्थल पर निर्माण सामग्री डम्प न करें, इससे आवागमन बाधित होता है, आमनागरिकों को परेशानी होती है, वहीं सड़क व सार्वजनिक स्थल पर कचरा डालने, गंदगी करने पर निगम की साफसफाई व्यवस्था व शहर की स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इस दिशा में निगम अमले द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है तथा इस पर अर्थदण्ड की कार्यवाही हो रही है, अतः असुविधा से बचने के लिए सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थल पर कचरा न डालें, वहीं सड़क व सार्वजनिक स्थान पर सी.एण्ड डी.वेस्ट व निर्माण सामग्री आदि डम्प न करें।

# एम.पी.नगर विस्तार में रिक्त जमीनों को गंदगी से मुक्त करने बनेगें मिनी गार्डन, लोगों को मिलेगी सुविधा

### छोटी दुकानें बनाकर कामर्शियल लेन बनाने की कार्ययोजना पर होगा कार्य

लोकशक्ति



**कोरबा** नगर पालिक निगम कोरबा के पं.रविशंकर नगर जोनांतर्गत आने वाले महाराणा प्रताप नगर विस्तार में स्थित सामुदायिक भवन के पास व एक अन्य स्थान पर स्थित रिक्त जमीनों को गंदगी मुक्त किए जाने व वहॉ के निवासियों की मांग व सुविधा के मद्देनजर मिनी गार्डन का निर्माण किया जाएगा तथा पूर्व में स्थापित उद्यानों की व्यवस्थाएं सुधारी जाएगी। इसी प्रकार घंटाघर मुड़ापार रोड पर रिक्त भूमि में छोटी दुकानों का निर्माण कर कामर्शियल लेन बनाए जाने की कार्ययोजना पर भी कार्य किया जाएगा, साथ ही बरसात के बाद जीर्ण सड़कों का डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य भी होगा। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने एम.पी.नगर में भ्रमण के दौरान उक्ताशय के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान अधिकारियों की टीम के साथ महाराणा प्रतापनगर आवासीय क्षेत्र में डोर-टू-डोर भ्रमण कर वहॉ की साफसफाई व्यवस्था, सड़क, नाली, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, सी.एण्ड डी.वेस्ट एवं उद्यान आदि से जुड़ी विविध समस्याओं का अवलोकन किया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ के नागरिकों की मांग एवं खाली पड़ी रिक्त जमीनों को गंदगी से मुक्त करने हेतु 02 स्थानों पर मिनी गार्डन का निर्माण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार घंटाघर से मुड़ापार की ओर जाने वाली सड़क के किनारे रिक्त जमीन में समय-समय पर होने वाले अतिक्रमण, अवैध कब्जों व अस्थाई दखल की समस्या को दूर करने हेतु वहॉ पर छोटी दुकानों का निर्माण एवं इन दुकानों को छोटे व्यवसायियों को आबंटित कर एक कामर्शियल लेन बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार एम.पी.नगर मुख्य मार्ग पर बना ली गई अवैध गुमठियों व अवैध कब्जों के स्थान पर दुकान बनाकर छोटे व्यवसायियों को आबंटित किए जाने की योजना पर भी कार्य करने को कहा। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, उप जोन प्रभारी अविनाश जायसवाल, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, रामप्रसाद मिर्री आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**एम.पी.नगर मुख्य उद्यान के सामने होगा सौदर्यीकरण** - यहॉ उल्लेखनीय है कि महाराणा प्रताप नगर मुख्य उद्यान के सामने पूर्व में दर्जनों अवैध गुमठियॉ बन गई थी व अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसे वहॉ के नागरिकों की मांग पर निगम प्रशासन द्वारा हटाया गया था, अब उक्त स्थल पर सौदर्यीकरण कर उसे आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त स्थल का निरीक्षण करते हुए उद्यान की बाउण्ड्रीवाल व मुख्य मार्ग के बीच के स्थल को ग्रील, टाईल्स व ग्रीनरी से सुरक्षित करते हुए थीम आधारित पेंटिंग के माध्यम से वहॉ का सौदर्यीकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**कबाड़ डम्प कर फैलाई गंदगी, अब होगी कार्यवाही** - एम.पी.नगर स्थित अटल आवास में मुख्य मार्ग के किनारे कबाड़ डम्प कर कबाड़ी द्वारा वहॉ गंदगी फैलाई गई है, जिसे निगम अमले द्वारा कई बार कड़ी समझाईश दी गई तथा कबाड़ डम्प करने से मना किया गया, परंतु कबाड़ व्यवसायी द्वारा निरंतर वहॉ गंदगी की जा रही है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इसे गंभीरता से लेते हुए अवैध रूप से चलाई जा रही, कबाड़ की दुकान को सील करने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

### पार्सल बेचने पर वन नाईट क्लब, टी.पी.नगर पर लगा 25 हजार का जुर्माना

**संवाददाता** कोरबा )। जिले में संचालित शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार, एफएल.-3(क), वन नाईट क्लब, टी.पी.नगर कोरबा में दिनांक 21.07.2025 को प्रभारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक, वृत्त-कोरबा शहर द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान बार के उपस्थित अभिकर्ता द्वारा 02 बोतल (650 मि.ली.) बडवाइजर मेग्नम बियर को पार्सल के रूप में विक्रय किये जाने के कारण एफएल. 3क शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार अनुज्ञप्ति के लायसेंस शर्त क्रमांक 03 का उल्लंघन करते पाये जाने पर विभाग द्वारा विभागीय प्रकरण कायम किया गया, जिस पर कलेक्टर द्वारा राशि रूपये 25 हजार का शास्ति अधिरोपित किया गया है।

कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत ने अवैध शराब पर सघन एवं सख्त कार्यवाही करने आबकारी विभाग को निर्देषित किया है। सहायक आयुक्त आबकारी, आषा सिंह ने जिले में पदस्थ अमले को लगातार कार्यवाही कर अधिकाधिक मात्रा में अवैध शराब जप्त करने टीम का गठन किया है।

माह अगस्त, 2025 में 17 अगस्त तक 86 आपराधिक प्रकरण जिले में दर्ज किये गये है जिसमें लगभग 180.55 लीटर अवैध शराब और 100 किलो शराब बनाने का लाहन छापामार कर जप्त किया गया है।



राजभवन परिसर में अधिकारियों-कर्मचारियों ने की साफ सफाई

रायपुर, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शुक्रवार की सुबह राजभवन परिसर में साफ-सफाई की गई। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुबह 7 से 8 बजे तक राजभवन परिसर के अलग-अलग स्थानों पर झाड़ू लगाकर कचड़े को एकत्र कर उसका निपटान किया।

# राज्य में होगी शीघ्र प्रशासनिक सर्जरी

## 7 से अधिक कलेक्टरों को बदले जाने का प्रस्ताव


### मुख्यमंत्री के विदेश से लौटने के बाद होगी कार्यवाही

**रायपुर,** । राज्य में शीघ्र ही प्रशासनिक सर्जरी की जाएगी। इसके साथ 7 से अधिक कलेक्टरों को बदला जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री इस समय विदेश प्रवास पर गए हुए हैं। उनके लौटने के पश्चात शीघ्र ही प्रशासनिक सर्जरी की जाएगी। इस सूची में 7 से अधिक कलेक्टरों का नाम बताया जाता है। इनमें से कुछ कलेक्टर संघ के होने का दावा कर रहे हैं लेकिन अभी तक उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने जनसुधार अभियान चलाया था, जिसमें सबसे ज्यादा शिकायत आवास को लेकर है। विधानसभा में भी इसकी गुंज सुनाई दी थी। सत्तारूढ़ दल एवं विपक्ष के विधायकों ने भी मुख्यमंत्री को दोषी कलेक्टरों पर कार्यवाही करने की मांग की थी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री विदेश प्रवास पर हैं वहां से लौटने के बाद वे शीघ्र आदेश करेंगे। बताया जाता है कि फिलहाल राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त का पद रिक्त है। इसे भी भरा जाना शेष है। सूचना आयुक्त को लेकर कानूनी दाव पेंच चल रहा है। यहां पर अधिकारियों की मिली भगत के कारण नई नियुक्ति नहीं हो पा रही है। ज्ञात रहे कि मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए अभिताभ जैन सबसे सशक्त दावेदार थे। लेकिन उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। एक और संवैधानिक संस्था राज्य सेवा आयोग के चेयरमेन का पद भी रिक्त पड़ा हुआ है।

# मुख्यमंत्री साय ने जापान पहुंचने के बाद सबसे पहले टोक्यो स्थित ऐतिहासिक असाकुसा मंदिर में की पूजा-अर्चना

### मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधिमंडल जापान एवं दक्षिण कोरिया के दौरे पर

### 0 ग्लोबल आउटरीच मिशन की शुरुआत





**रायपुर,** । रायपुर, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जापान पहुंचने के बाद सबसे पहले जापान की राजधानी टोक्यो में स्थित ऐतिहासिक असाकुसा मंदिर के दर्शन किए। टोक्यो का यह सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित मंदिर शांति और सामर्थ्य का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की खुशहाली, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। उन्होंने कहा कि यह मंदिर मानवता को शांति और शक्ति का संदेश देता है और यही भाव छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं में भी झलकता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO), भारत सरकार के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान और दक्षिण कोरिया के दौरे पर है। इस ग्लोबल आउटरीच मिशन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेश मानचित्र पर स्थापित करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसरों को तलाशना है।

भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO), भारत सरकार के आमंत्रण पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज जापान और दक्षिण कोरिया के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेश मानचित्र पर स्थापित करना है। टोक्यो (22–24 अगस्त) में प्रतिनिधिमंडल जापानी उद्योगपतियों, व्यापार संघों और निवेशकों के साथ इन्वेस्टर कनेक्ट सेशंस एवं व्यावसायिक बैठकों में भाग लेगा। इसके बाद ओसाका (25–26 अगस्त) में मुख्यमंत्री श्री साय वर्ल्ड एक्सपो 2025 में शामिल होंगे और छत्तीसगढ़ में निवेश अवसरों पर विभिन्न हितधारकों से चर्चा करेंगे। दौरे का अंतिम चरण सियोल (27–29 अगस्त) में होगा, जहाँ निवेशक गोलमेज बैठकों, कोरिया की शीर्ष कंपनियों और व्यापार संघों से मुलाकात तथा सेक्टर-विशेष संवाद आयोजित किए जाएंगे।

**वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ पर फोकस**

ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में भारत मंडपम अंतर्गत छत्तीसगढ़ पवेलियन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत, नवाचार की संस्कृति और उभरते भविष्य-उन्मुख क्षेत्रों को वैश्विक दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पवेलियन को राज्य की अनूठी पहचान को दर्शाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। इसमें औद्योगिक विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और सतत विकास जैसे प्रमुख फोकस क्षेत्रों को शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शनी पूरी दुनिया के लिए छत्तीसगढ़ के परिवर्तन और भविष्य की आकांक्षाओं की झलक प्रस्तुत करेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जापान और कोरिया के उद्योगपतियों, व्यापार संघों और वैश्विक निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे, जिसका उद्देश्य दीर्घकालिक साझेदारियाँ स्थापित करना, नए व्यापारिक चैनल खोलना तथा प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में ज्ञान आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

## ज्वेलर्स दुकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर, चंदखुरी फार्म स्थित ज्वेलर्स दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुखनंदन कोसले 35 वर्ष ग्राम तुलसी बाराडेरा का रहने वाला है। प्रार्थी का चंदखुरी फार्म में मिसा ज्वेलर्स नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने दुकान के ताला तोड़कर नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## फैशन स्टोर से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर** )। मंडी गेट स्थित वीवा फैशन स्टोर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 17126 रुपए सहित अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश कुमार साहू 35 वर्ष संगम चौक खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी का मंडी गेट में वीवा फैशन स्टोर नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर नकदी 17126 रुपए, सलवार सूट और अन्य सामान पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 56 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## गणपति मंदिर में चतुर्थी उत्सव का आयोजन 27 को

रायपुर, प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणपति मंदिर अनुपम नगर में गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अनुपम नगर के वरिष्ठ नागरिक राजीव मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि परंपरानुसार चतुर्थी तिथि के अवसर पर कालोनीवासियों द्वारा 27 अगस्त को मंदिर प्रांगण में पहुंचकर गजानंद महाराज की विधिवत पूजा की जाएगी। उत्सव के दौरान रात्रि 11 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह गणपति उत्सव का 32 वां वर्ष है। मंदिर के पुजारी आनंद पांडेय ने बताया कि कालोनीवासियों के उत्साहपूर्वक गणपति उत्सव मनाए जाने की तैयारियां जोरशोर से जारी है।

## शहीद नंदकुमार पटेल विवि के रिक्त कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित

रायपुर, । कुशाभाऊ ठाकरे विवि के कुलपति के रिक्त पद भरने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई कि अब राज्यपाल सचिवालय ने नंदकुमार पटेल विवि रायगढ़ के कुलपति हेतु विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इस विवि के कुलपति बनने के लिए रायगढ़ जिले के कई प्राध्यापक एवं प्राचार्य अपना अपना जुगाड़ लगा रहे हैं।

राज्यपाल के सचिव द्वारा इस संबंध में जारी विज्ञापन के अनुसार सभी योग्य प्रत्याशियों से निर्धारित अर्हता करने वाले प्राध्यापकों से आवेदन मंगाए गये हैं। शहीद नंदकुमार पटेल विवि के कुलपति के लिए जो अर्हताएं तय की गई है उसके अनुसार उन्हें पढ़ाने तथा शोध का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए। तथा नेतृत्व करने की क्षमता होना चाहिए।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 9 शराबी पकड़ाये

**रायपुर,** )। जिले की सोमनी थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहार एवं गणेश उत्सव पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 20.08.2025 को थाना सोमनी प्रभारी उनि. प्रमोद श्रीवास्व द्वारा थाना सोमनी क्षेत्र के केशरी ढाबा, जलशा ढाबा एवं केजीएन ढाबा देवादा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक जगहों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 09 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़ा गया। जिन पर आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

पकड़े गए व्यक्तियों में सुरेश मोहन यादव, जीवन यादव, चंद्रशेखर साहू, मनमोहन यादव, भूषण लाल, चंद्रशेखर साहू, निखिल साहू, हिमांशु साहू एवं विनोद ठाकुर शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# शिक्षा गुणवत्ता लाने की कवायद में जुटीं बीईओ भारती देवांगन

### श्रीमती देवांगन ने बस्तर की दूरस्थ शालाओं का किया औचक निरीक्षण बच्चों की उपस्थिति और शिक्षकों की समयबद्धता पर जताया संतोष

जगदलपुर, संवाददाता



बस्तर की विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती देवांगन ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय के दूरस्थ अंचलों की विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला सुधापाल, माध्यमिक शाला सुधापाल, प्राथमिक शाला गाड़ाघाट, प्राथमिक शाला आमाडोंगरी, तथा हायर सेकंडरी स्कूल सुधापाल का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान बीईओ श्रीमती देवांगन ने छात्रों के शैक्षिक स्तर की जांच की और विशेष रूप से अकादमिक रूप से कमजोर बच्चों पर अतिरिक्त ध्यान देने के निर्देश दिए।

**शिक्षकों की परफॉरमेंस बेहतर: भारती**

श्रीमती देवांगन ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि शालाओं में शिक्षक समय पर उपस्थित हो रहे हैं और बच्चों की उपस्थिति भी संतोषजनक है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों और प्रधान पाठकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी तरह की कार्यशैली से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुछ ही दिनों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान प्रारंभ होने वाला है, ऐसे में शालाओं में जो भी कमियां हैं उन्हें तत्काल दूर किया जाए।

**बच्चों के साथ किया भोजन**

निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती देवांगन ने माध्यमिक शाला सुधापाल में बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। बच्चों की दिनचर्या और भोजन की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब शिक्षक, पालक और प्रशासन तीनों मिलकर काम करें। इस दिशा में बस्तर ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन बेहतर काम करती नजर आ रही हैं। श्रीमती देवांगन का यह दौरा शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए प्रशासनिक संकल्प को दर्शाता है। उनके निरीक्षण से शिक्षकों में नई ऊर्जा और जवाबदेही की भावना जागृत हुई है। श्रीमती देवांगन अपने सीनियर एवं जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के नक़्शे कदम पर चलते हुए बच्चों के सुनहरे भविष्य निर्माण की ओर अग्रसर हैं।

### छत्तीसगढ़ में डिजिटल निवेश पर हुई चर्चा

# मुख्यमंत्री ने जापान में एनटीटी लिमिटेड की सीईओ से की मुलाकात



**टोक्यो/रायपुर,** )। मुख्यमंत्री ने अपनी जापान यात्रा के दौरान हुई एक अहम मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुए लिखा। टोक्यो में एनटीटी लिमिटेड, जापान की सीईओ सुश्री कायो इतो से मुलाकात हुई। झ्र90 बिलियन रेवेन्यू के साथ यह कंपनी वैश्विक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी है। इस दौरान छत्तीसगढ़ में डिजिटल और एडवांस टेक्नोलॉजी आधारित निवेश पर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री की टोक्यो में ह्रझ्झ लिमिटेड, जापान की सीईओ सुश्री कायो इतो से यह महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। एनटीटी लिमिटेड एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है, जो लगभग 90 बिलियन डॉलर के वार्षिक रेवेन्यू के साथ आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल समाधानों के क्षेत्र में कार्यरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और सुश्री इतो के बीच छत्तीसगढ़ में डिजिटल और उन्नत आईटी तथा तकनीक-आधारित निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्य में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को गति देने, युवाओं के लिए तकनीकी रोजगार के नए अवसर विकसित करने और वैश्विक कंपनियों को राज्य में आकर्षित करने के उद्देश्य से यह बातचीत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# भूतपूर्व सैनिकों और आश्रित परिवारों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

रायपुर ।



राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड परिसर में शनिवार को भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रित परिवारों के लिए एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हेड क्वार्टर छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया, पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन, शकुंतला फाउंडेशन तथा आशा देवी रेखचंद लूनिया चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया स्वास्थ्य परीक्षण**

शिविर में एमएमआर हॉस्पिटल एवं आईवीएफ सेंटर (मेडिकल एवं स्त्री रोग विभाग), संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल, एएसजी नेत्र चिकित्सालय, शंकर नगर और शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीमों ने भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरी परामर्श दिया।

नेत्र परीक्षण और निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से 61 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिनमें से जरूरतमंद मरीजों को आशा देवी रेखचंद लूनिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

**कार्यक्रम में उल्लेखनीय उपस्थिति**

इस अवसर पर ब्रिगेडियर विवेक शर्मा (इंडियन आर्मी, रिटायर्ड), कैप्टेन अनिल शर्मा (इंडियन नेवी, रिटायर्ड एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, रायपुर) सहित अनेक भूतपूर्व सैनिक और उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कविता कुंभज (पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन), समाजसेवी पीयूष जैन, और श्रीमती स्मिता सिंह (अध्यक्ष, शकुंतला फाउंडेशन) शामिल हुईं। **चिकित्सीय टीम का सम्मान**

शिविर में सेवाएं देने वाली चिकित्सा टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन, शकुंतला फाउंडेशन और आशा देवी रेखचंद लूनिया चैरिटेबल ट्रस्ट का विशेष योगदान रहा।

## बीएआई वेस्ट जोन की बीएआई नेशनल मिटिंग आज व कल

**रायपुर,** । 22 अगस्त एवं 23 अगस्त को रायपुर छत्तीसगढ़ में बीएआई वेस्ट जोन द्वारा बीएआई नेशनल मिटिंग रखी गई है । जिसके मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव (मंत्री, लोक निर्माण विभाग, विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खेल एवं युवा कल्याण, नगरीय प्रशासन छत्तीगढ़ शासन) एवं केदार कश्यप (मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन सहकारिता संसदीय कार्य छत्तीगढ़ शासन) हैं। साथ ही बीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कम्बोह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.सी. राव , चेयरमेन छत्तीसगढ़ रूपेश कुमार सिंघल, पूर्व चेयरमेन छ.ग. कंवलजीत सिंह ओबेरॉय, चेयरमेन ऑर्गेनाइजिंग कमेटी आलोक शिवहरे, वेस्ट जोन के सचिव दिलीप सिंह कुशवाहा, बीएआई सीजी के समस्त सेंटर चेयरमेन सुशील अग्रवाल, राजेश हुड्डा, रवि त्रिपाठी, संजय कृष्णानी, रोहित चावला, हरसिमरन सिंह ओबेरॉय, समीर पोद्दार एवं निर्भय देशलहरा तथा सीजी मेंबर विशाल सिंह, विशम्भर अग्रवाल, शंकर गुप्ता एवं राजेन्द्र सुराना भी मीटिंग में शिरकत करेंगे। बीएआई नेशनल मिटिंग का आयोजन रायपुर छत्तीसगढ़ में होना एक ऐतिहासिक क्षण है। बीएआई के इतिहास में आज दिनांक तक छत्तीसगढ़ में ही नहीं मध्यप्रदेश में भी इस प्रकार की मीटिंग राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नहीं की गई है। बीएआई द्वारा इस प्रकार के आयोजन पूरे भारत के विभिन्न प्रांतो एवं शहरों में बीएआई की इकाइयों द्वारा किया जाता है। इन आयोजनों का उद्देश्य पूरे भारत के ठेकेदारों एवं बिल्डर्स को एक दूसरे के पास एवं एक मंच पर लाना है। इस मिटिंग में इस बिरादरी को समय-समय पर आने वाली समस्याओं पर चर्चा एवं उनका निदान करना है। कार्यक्रम में आए सभी सदस्यों का आपस में परिचय और निर्माण क्षेत्र के संबंध में नई-नई जानकारी का भी आपस में आदान-प्रदान होता है। बीएआई के सदस्यों को अपनी जानकारी और समस्याओं को रखने का उचित मंच मिलता है। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की स्थापना सन् 1941 में की गई थी आज पूरे भारत में इस संस्था के 230 केंद्र एवं 20000 सदस्य हैं बीएआई का हेड ऑफिस मुंबई एवं दिल्ली में अपने स्वयं के भवन में है।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)